


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर ...

अमेरिका ने भारत पर उठाई उंगली, धर्मांतरण विरोधी कानून व हेट स्पीच ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 77 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# सरकार चाहती है कि महिलाओं का कौशल, कमाई के साधन और सम्मान बढ़े : मुर्मू

## मुर्मू ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में यह बात कही

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। महिला नीत विकास पर बल देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार चाहती है कि देश की महिलाओं का कौशल, उनकी कमाई के साधन और उनका सम्मान बढ़े। मुर्मू ने 18वीं लोकसभा में पहली बार दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरूआत की है। राष्ट्रपति ने कहा, देश की नारी शक्ति लंबे समय से लोकसभा और विधानसभाओं में अधिक भागीदारी की मांग कर रही थी। आज उनके पास नारी शक्ति वंदन अधिनियम की ताकत है। उन्होंने दावा किया कि सरकार की योजनाओं की वजह से पिछले एक दशक में महिलाओं का आर्थिक सामर्थ्य बढ़ा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीते 10 वर्ष में बने चार करोड़ मकानों में से ज्यादातर मकान महिलाओं के नाम ही आबंटित हुए हैं। उन्होंने कहा, अब तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही सरकार ने 3 करोड़ नए घर बनाने को स्वीकृति दे दी है। इनमें से भी अधिकतर घर महिलाओं के नाम पर ही आबंटित होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि बीते 10 वर्षों में 10 करोड़ महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का एक व्यापक अभियान चलाया है तथा इसके लिए स्व-सहायता समूहों को आर्थिक मदद भी बढ़ाई जा रही है। उन्होंने



कहा, सरकार का प्रयास है कि महिलाओं का कौशल बढ़े, उनकी कमाई के साधन बढ़ें और उनका सम्मान बढ़े। नमो ड्रोन दीदी योजना इस लक्ष्य की पूर्ति में सहायक बन रही है। इस योजना के तहत हजारों स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को ड्रोन दिए जा रहे हैं, ड्रोन पायलट बनने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुर्मू ने कहा कि सरकार ने हाल में ही कृषि सखी कार्यक्रम भी शुरू किया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत अभी तक स्व-सहायता समूहों की 30 हजार महिलाओं को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र दिए गए हैं। कृषि सखियों को आधुनिक खेती की तकनीक में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय था आपातकाल :** राष्ट्रपति ने अपने 55 मिनट के अभिभाषण में कहा कि देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर अनेक बार हमले हुए। उन्होंने कहा, आज 27 जून है। 25 जून, 1975 को लागू हुआ आपातकाल, संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय था। तब पूरे देश में हाहाकार मच गया था। मुर्मू ने कहा कि लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय प्राप्त करके दिखाई, क्योंकि भारत के मूल में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं।

### प्रश्नपत्र लीक के बारे में दलीय राजनीति से उठ कर उपाय जरूरी : राष्ट्रपति

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नौकरियों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए इस बात पर बल दिया कि सरकारी भर्ती या परीक्षाओं में रुकावट नहीं आनी चाहिए और प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं पर दलीय राजनीति से ऊपर उठ कर ठोस उपाय करने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने 18 वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, सरकार का ये निरंतर प्रयास है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिले। सरकारी भर्ती हो या फिर परीक्षाएं, किसी भी कारण से इनमें रुकावट आए, ये उचित नहीं है। इनमें शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है। श्रीमती मुर्मु ने कहा, हाल ही में कुछ परीक्षाओं में हुई पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए मेरी सरकार प्रतिबद्ध है। इससे पहले भी हमने देखा है कि कई राज्यों में पेपर-लीक की घटनाएं होती रही हैं। इस पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देशव्यापी ठोस उपाय करने की जरूरत है। संसद ने भी परीक्षा में होने वाली गड़बड़ियों के विरुद्ध एक सख्त कानून बनाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्थिर है एम्स में भर्ती आडवाणी की स्थिति

नई दिल्ली। पेशाब में संक्रमण के कारण भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को यहां स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भर्ती कराया गया है और उसकी स्थित स्थिर है। सूत्रों ने बताया कि पेशाब की नली में संक्रमण के कारण उन्हें बुधवार की रात में करीब 11 बजे एम्स में लाया गया। उनकी हालत स्थिर है और डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। श्री आडवाणी इस समय एम्स के जराचिकित्सा विभाग के डॉक्टर्स की निगरानी में हैं। गौरतलब है कि 96 वर्षीय आडवाणी उम्र संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे हैं और आमतौर पर डॉक्टर उनका घर पर ही जांच करते हैं, लेकिन बुधवार रात उन्होंने पेशाब में संक्रमण की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें एम्स ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि केंद्र में तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने के बाद भाजपा के तमाम नेता उनसे आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार राजग के नेता चुने जाने के बाद श्री आडवाणी का आशीर्वाद लेने उनके आवास पर पहुंचे थे। उस समय उनका स्वास्थ्य ठीक था।

### आम आदमी पार्टी के संजय सिंह का राज्यसभा से निलंबन निरस्त

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह का राज्यसभा से निलंबन बृहस्पतिवार को निरस्त कर दिया गया जिसके साथ ही करीब एक वर्ष के बाद उनकी राज्यसभा की सदस्यता बहाल हो गयी। अठारहवीं लोकसभा के गठन के बाद बुलाये गये संसद सत्र में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद जब राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सदस्य संजय सिंह को गत 24 जुलाई को सदन में अमर्यादित व्यवहार के लिए उच्च सदन की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने विभिन्न लंबित मामलों पर अपनी रिपोर्ट 26 जून को दे दी थी। इस रिपोर्ट में श्री सिंह को दोषी ठहराया गया है। उन्होंने कहा कि लेकिन श्री सिंह अब तक इस मामले में पर्याप्त सजा भुगत चुके हैं इसलिए वह सदन के सभापति के नाते अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए श्री सिंह के निलंबन को निरस्त कर उनकी सदस्यता को बहाल कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि नगर में वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का किया लोकार्पण

# सूबे के हर क्षेत्र में विकास का काम कर रही राज्य सरकार : नीतीश

## बोलें- प्रदेश में लगातार बढ़ती जा रही पर्यटकों की संख्या

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को पश्चिमी चंपारण जिला स्थित वाल्मीकि नगर में वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह परिसर में स्थापित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह प्रांगण में पौधा रोपण भी किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीटिंग रूम, लिफ्ट लॉबी, बहुउद्देश्यीय हॉल आदि का मुआयना कर भवन निर्माम विभाग के सचिव कुमार रवि से विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का मेंटेनेंस ठीक ढंग से होता रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। इसका काफी सुंदर तरीके से निर्माण हुआ है। इसके बन जाने से अब यहां आनेवाले पर्यटकों के आवासन में सुविधा होगी। यहां आनेवाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है, इसको ध्यान में रखते हुए इसका निर्माण कराया गया है। लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर राज्य सरकार बिहार के हर क्षेत्र का विकास कर रही है। भवन निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि सभागर एवं अतिथि गृह के निर्माण में विशेष योगदान देनेवाले पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय, बगहा की अनुमंडल पदाधिकारी डॉ अनुपमा सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं अभियंताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन द्वारा वाल्मीकिनगर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 500 क्षमता का एक प्रेक्षा गृह :** भवन निर्माण विभाग ने तय समय के भीतर कलकल करती गंडक नदी और वाल्मीकि नहर के किनारे 27 एकड़ भुखण्ड में सिंचाई विभाग द्वारा प्रदत लगभग 120 करोड़ रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति से वाल्मीकि सभागार और चार अतिथि गृहों का निर्माण किया है। परिसर का कुल निर्मित क्षेत्र 16,872 वर्गमीटर है। भवनों का निर्माण भूकंप जोन चार और ग्रीन बिल्डिंग के मानकों के अनुसार किया गया है। मुख्य भवन यानि वाल्मीकि सभागार का कुल निर्मित क्षेत्र 7457 वर्ग मीटर है, इसमें सांस्कृतिक कार्यकम, सेमिनार जैसे अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 500 क्षमता का एक प्रेक्षा गृह का निर्माण कराया गया है। सभागार में नई तकनीक पर आधारित ऑडियो-विजुअल उपकरण, सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन उपकरण भी लगाए गए हैं। वाल्मीकि सभागार के भूतल पर एक ग्रीन रूम, एक अतिविशिष्ट कक्ष, 80 लोगों के क्षमता का एक भोजनालय है। प्रथम तल पर एक बहुद्देशीय हॉल, जिसमें एक साथ 132 लोगों के बैठने की क्षमता है, प्रथम तल पर ही 22 की क्षमता का एक बड़ा मीटिंग रूम, एक लाउंज और एक बहुद्देशीय हॉल का निर्माण भी कराया गया है। सभागार में आधुनिकतम वातानुकूलन उपकरण और एक लिफ्ट भी लगाया गया है।

**भोजनालय और प्रतिक्षालय का निर्माण :** आनेवाले पर्यटकों और अतिथियों के विश्राम हेतु आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त चार अतिथि गृहों का निर्माण कराया गया है, जिसमें 01 अतिविशिष्ट कमरा, 05 सुईट रूम, 27 सुपर डिलक्स, 30 डिलक्स और 25 सामान्य कमरों का निर्माण किया गया है। प्रत्येक अतिथि गृह मंर एक एक भोजनालय और प्रतिक्षालय का निर्माण भी कराया गया है। चारो अतिथि गृह का कुल निर्मित क्षेत्र 8588 वर्ग मीटर है। परिसर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन और जनरेटर रूम भी है। वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह में निर्मित भवनों में लाल ईटों के स्थान पर फ्लाई ऐश ईंटों का उपयोग किया गया है। साथ ही वर्षा जल संचयन के लिए रिचार्ज पीट और रौशनी के लिए सोलर लाईट की व्यवस्था भी की गई है। परिसर वैकल्पिक उर्जा श्रोतों के इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया गया हैं इसके लिए निर्मित भवनों पर सौर प्लेट लागए गए हैं, जिससे 210 किलोवाट तक बिजली उत्पादन होगी। वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का पूरा परिसर पर्यावरण संरक्षण, जलसंचयन के अलावा अपनी सुंदरता और वास्तुकला का बेजोर नमूना पेश करती है। पूरे परिसर में हरियाली पर विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य सरकार के हर संभव प्रयास एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन से बिहार में खूबसूरत इमारतें और मजबूत आईकॉनिक, भूकंपरोधी भवनों का निर्माण निरंतर किया जा रहा है।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, सांसद सुनील कुमार, विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, विधान पार्षद प्रो (डॉ) वीरेन्द्र नारायण यादव, विधान पार्षद भीष्म साहनी, विधान पार्षद आफाक अहमद, विधान पार्षद सौरव कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन चैतन्य प्रसाद, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी, पश्चिमी चंपारण दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

### पीएम बोलें- राष्ट्रपति का संसद के दोनों सदनों में संबोधन व्यापक था

# राष्ट्रपति का संबोधन प्रगति और सुशासन का रोडमैप : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन को व्यापक बताया और कहा कि इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति का संसद के दोनों सदनों में संबोधन व्यापक था और इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। इसमें भारत द्वारा की जा रही प्रगति और भविष्य में आने वाली संभावनाओं को शामिल किया गया। उनके संबोधन में कुछ प्रमुख चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया, जिन्हें हमें अपने नागरिकों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से दूर करना होगा।

**राज्यसभा में पीएम मोदी ने कराया मंत्रिमंडल का परिचय:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में अपने मंत्रिमंडल का परिचय कराया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं अन्य मंत्रीगण उपस्थित रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में अपने मंत्रिमंडल का परिचय करा



चुके हैं। मौजूदा सत्र में गुरुवार को राज्यसभा की यह पहली बैठक थी। इस बैठक में जहां प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रिमंडल का परिचय कराया।

**जेपी नड्डा बने सदन के नेता :** वहीं, एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के अंतर्गत भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि जेपी नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन नियुक्त किया गया है। एक खास बात यह भी है कि राज्यसभा में जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नेता प्रतिपक्ष हैं, वहीं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा नेता सदन हो गए हैं। हाल के वर्षों में यह पहली बार है, जब राज्यसभा में बतौर नेता प्रतिपक्ष और नेता सदन कांग्रेस व भाजपा अध्यक्ष एक-दूसरे के आमने-सामने हैं। दोनों ही पार्टियों के अध्यक्ष राज्यसभा के सदस्य हैं। हालांकि, जेपी नड्डा के स्थान पर जल्द ही भाजपा को नया अध्यक्ष मिल सकता है। ऐसे में वह राज्यसभा के नेता सदन तो बने रहेंगे। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नहीं होंगे।

**पीएम ने जद यू सांसदों से मुलाकात की, नीतीश के नेतृत्व की सराहा:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक दल जनता दल यूनाइटेड के सांसदों से मुलाकात की और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जदयू सांसदों के साथ बैठक बहुत अच्छी रही। हमारी पार्टियों का साथ मिलकर काम करने और बिहार में खराब शासन, भ्रष्टाचार और अपराधीकरण के खिलाफ संघर्ष करने का लंबा इतिहास रहा है। नीतीश कुमार जी के नेतृत्व ने बिहार को विकास के पथ पर अग्रसर किया है। हम सुशासन के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। लोकसभा में 12 सांसदों के साथ जदयू भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी है। मोदी ने बुधवार को तेलुगू देशम पार्टी के सांसदों से मुलाकात की थी। लोकसभा में तेदेपा के 16 सांसद हैं और वह भाजपा की सबसे बड़ी सहयोगी है। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में तेदेपा और जद यू के दो-दो सदस्य हैं।

# विपक्ष का नेता सिर्फ एक पद नहीं, जनता की लड़ाई लड़ने की जिम्मेदारी है : राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष का नेता सिर्फ एक पद नहीं है, यह जनता की आवाज बनकर जनता के हितों और अधिकारों की लड़ाई लड़ने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। राहुल गांधी ने कहा, हमारा संविधान गरीबों, वंचितों, अल्पसंख्यकों, किसानों, मजदूरों का सबसे बड़ा हथियार है। हम उस पर किए गए हर हमले का पूरी ताकत से जवाब देकर उसकी रक्षा करेंगे। मैं आपका हूं और आपके



लिए ही हूं। देश की जनता, कांग्रेस के कार्यकताओं और इंडिया गठबंधन के सहयोगियों का मुझ पर भरोसा जताने के लिए दिल से धन्यवाद। वहीं, कांग्रेस आलाकमान ने बुधवार को दिल्ली में हरियाणा के नेताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हरियाणा के किसानों और नौजवानों को भाजपा ने धोखा दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कांग्रेस पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सांसदों व हर एक कांग्रेस कार्यकर्ता को हरियाणा में मिली जीत की बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को राज्य की सभी छत्तीस बिरादरी के लोगों का विश्वास हासिल करना है। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के 10 वर्षों के शासन ने हरियाणा के विकास को रोक दिया है।

### घरेलू शेयर बाजार में मजबूती का नया रिकार्ड बनाने का सिलसिला तीसरे दिन भी जारी

# शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी, सेंसेक्स 79 हजार के स्तर के पार पहुंचा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेसी। घरेलू शेयर बाजार में मजबूती का नया रिकार्ड बनाने का सिलसिला गुरूवार को तीसरे दिन भी जारी है। आज के कारोबार की शुरूआत भी ओपनिंग का ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड बनाने के साथ हुई। शुरूआती कारोबार में मुनाफा वसूली की वजह से कुछ देर के लिए शेयर बाजार लाल निशान में भी कारोबार करता रहा। लेकिन इसके बाद एक बार फिर खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन मजबूती का नया रिकार्ड बनाने में सफल रहा। बीएसई का सेंसेक्स आज पहली बार 79 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.38 प्रतिशत और निफ्टी 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती पहले घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 4.29 प्रतिशत से लेकर 1.07 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।



दूसरी ओर एचसीएल टेक्नोलॉजी, मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और कोल इंडिया के शेयर 0.85 प्रतिशत से लेकर 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,222 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,313 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 909 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 14 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज एक बार फिर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 84.42 अंक की बढ़त के साथ 78,758.67 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बनाने की वजह से ये सूचकांक लाल निशान में गिर कर 78,467.34 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में तेजड़ियों ने अपना जोर बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में ये सूचकांक अभी तक के सर्वोच्च स्तर 79,013.76 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मामूली बिकवाली होने के कारण ये सूचकांक 79 हजार अंक के स्तर से नीचे आ गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 296.05 अंक की बढ़त के साथ 78,970.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज 12.75 अंक की तेजी के साथ लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 23,881.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की।

# किशनगंज में बाढ़ के पानी में धंस गया पुल, आवागमन बाधित

पटना। बिहार में पुल गिरने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आठ दिन के अंदर बिहार का चौथा पुल गिर गया है। ताजा मामला किशनगंज जिले का है। यहां मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाया गया 13 साल पुराना पुल बाढ़ के पानी में धंस गया। इससे आसपास के गांवों में रहने वाले 40 हजार लोगों का जनजीवन प्रभावित है। जानकारी अनुसार यह हादसा बुधवार रात को हुआ। बता दें कि बिहार में बीते 8 दिनों के भीतर पुल गिरने का यह चौथा मामला है। इससे पहले अररिया, पश्चिम चंपारण और सीवान जिले में भी पुल गिर चुके हैं। बताया जा रहा कि किशनगंज जिले के बहादुरगंज प्रखंड स्थित बांसबड़ी गांव के पास श्रवण चौक में नदी पर बना एक पुल बाढ़ के पानी में धंस गया। प्रशासन ने पुल के दोनों छोर पर बेरिकैडिंग कर आवागमन बंद कर दिया है। जो पुल धंसा है, वो 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा था। उसे 25 लाख रुपये की लागत से साल 2011 में बनाया गया था। ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता श्रवण सहनी ने कहा कि हम इसकी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे थे।

### यात्रा | ड्रोन और 365 एंगल के सीसीटीवी कैमरों से यात्री वाहनों पर रखी जा रही नजर

# अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज कश्मीर के लिए होगा रवाना

प्रात : किरण

जम्मू/एजेंसी। अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को जम्मू के भगवती नगर से कश्मीर के लिए रवाना होगा, जबकि घाटी से इस साल की यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। यात्री पहले ही जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास पर पहुंचना शुरू हो चुके हैं, जहां से वह उत्तर कश्मीर के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग बेस कैंप के लिए सुरक्षा गाड़ियों में रवाना होंगे। अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार सुबह 4 बजे भगवती नगर यात्री निवास से सुरक्षा गाड़ियों के साथ घाटी के लिए रवाना होगा। लगभग 300 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की सुरक्षा के लिए सैकड़ों सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) जवानों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है। सीएपीएफ की और टीमें 85 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-बालटाल बेस कैंप रोड और काजीगुंड-पहलगाम बेस कैंप रोड की सुरक्षा कर रही हैं। श्रीनगर-बालटाल मार्ग पर गांदरबल जिले के मणिगाम में और काजीगुंड-पहलगाम मार्ग पर मीर बाजार में यात्रा ट्रांजिट कैंप स्थापित किए हैं। इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक कुल 3.50 लाख यात्रियों ने पंजीकरण कराया है और गुफा के दोनों मार्गों



पर 125 लंगर (सामुदायिक रसोई) स्थापित किए गए हैं। इन लंगरों में 7,000 से अधिक सेवादार यात्रियों की सेवा करेंगे। जम्मू के सरस्वती धाम व गीता भवन परेड में बुधवार से तत्काल रजिस्ट्रेशन के लिए टोकन जारी होना शुरू हो गए हैं।

पहले दिन बालटाल और पहलगाम से यात्रा करने वालों के लिए एक-एक हजार टोकन दिए गए हैं। गुरुवार सुबह सात बजे टोकन प्राप्त करने वाले यात्रियों का रजिस्ट्रेशन भी जारी है। बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए यात्रियों में उत्साह देखते ही बनता है। टोकन लेने के लिए जम्मू के सरस्वती धाम व गीता भवन में सुबह से ही लाइनें लग गईं थीं।

बीते दिनों यात्री वाहनों पर हुए आतंकी हमले के मद्देनजर यात्रा मार्ग पर सुरक्षाबलों की तैनाती को बढ़ाया गया है। इसके साथ ही ड्रोन और 365 एंगल के सीसीटीवी कैमरों से यात्री वाहनों पर नजर रखी जा रही है। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर हर 500 मीटर और एक किलोमीटर की दूरी पर सुरक्षा चौकियां स्थापित की गई हैं । इन पर 24 घंटे हथियारबंद जवान तैनात रहेंगे। अमरनाथ यात्रा के लिए बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री जम्मू पहुंचना शुरू हो गए हैं। यात्रियों के लिए गुरुवार सुबह रेलवे स्टेशन के पास वैष्णवी धाम, पंचायत भवन, महाजन हाल, पुरानी मंडी स्थित श्री राम मंदिर और गीताभवन (साधुओं के लिए) तत्काल पंजीकरण शुरू हो गया है। ऑनलाइन पंजीकरण करवाने वाले श्रद्धालु भी जत्थे में शामिल हो सकते हैं। आधार शिविर भगवती नगर के एक अधिकारी ने बताया कि जत्थे के श्रद्धालुओं को एक दिन पहले शाम सात बजे तक आधार शिविर में दाखिल होना होगा। श्रद्धालुओं के लिए वीरवार से आधार शिविर में आरएफआईडी काउंटर शुरू किया गया है। यात्रा की निर्धारित तिथि के मुताबिक ही श्रद्धालुओं को आधार शिविर में प्रवेश की अनुमति होगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### बाइक चालक ने बुजुर्ग व्यक्ति को मारी टक्कर

जमुई [ झाझा ] सोनो थानाक्षेत्र के बटिया गांव के समीप अज्ञात बाइक सवार ने सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मार दी जिसमें बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दिया जिसके बाद परिजन आनन फानन में इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल लाया जहां चिकित्सक ने घायल का उपचार करते हुए स्थिति नाजुक देखकर सिटी स्कैन और बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान बटिया गांव निवासी ओमप्रकाश बरनवाल के रूप में हुई है। वही बाइक चालक बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मारने के बाद मौके स्थल से भागने में सफल रहा।

### बाइक की टक्कर में एक बाइक चालक हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के सतीघाट के पास दो बाइक की टक्कर में एक बाइक चालक घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां घायल युवक का इलाज किया गया। घायल युवक की पहचान सतीघाट के रहने वाले मो. इरफान के रूप में हुई है। एक्सीडेंट की घटना में युवक का एक पैर में गहरी चोट लगी है। घायल युवक ने बताया कि मै अपने बाइक से कुछ जरूरी कार्य से जा रहा था कि तभी सामने से आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी जिससे मै घायल हो गया।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल

जमुई/गिद्धौर। थाना क्षेत्र के गिद्धौर-जमुई बाईपास सड़क मार्ग के जखराज स्थान के समीप एक बाइक व आँटो वाहन की टक्कर में बाइक सवार एक युवक घायल हो गये। जानकारी के अनुसार झाझा थाना क्षेत्र के बैजनाथ कुमार राव जमुई जा रहे थे कि इसी दौरान गिद्धौर जमुई बाईपास सड़क मार्ग पर जखराज स्थान के समीप आँटो द्वारा बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाइक सवार बैधनाथ कुमार राव गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को स्थानीये स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

# अचानक आग लगने से 11 महादलित परिवार का घर जलकर खाक, दाने दाने को मोहताज

प्रात: किरण, संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) आलमनगर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत स्थित सोनबरसा वार्ड नंबर 1 महादलित टोला में बुधवार के रात्रि करीब 3 बजे अचानक आग लगने से 11 घर जल कर खाक हो गया। वही लगभग 15 बकरी एवं एवं नगद सहित लगभग 5 लाख की छाती का अनुमान लगाया गया। इस बाबत पीड़ित शंभू ऋषिदेव ने बताया कि रात्रि करीब 3 बजे घर से अचानक आग की लप्टे उठने लगी जिसके बाद आग को लेकर हंगामा होने लगा आसपास के ग्रामीण एवं 112 नंबर पर कॉल करने के बाद फायर ब्रिगेड की दो वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक मेरे अलावा शंभू ऋषिदेव, कुलो ऋषिदेव, सिकंदर ऋषिदेव, बल्लो ऋषिदेव, ममता देवी, रानी देवी, वरुण ऋषिदेव, पुलकित ऋषिदेव, सरला देवी, बूट्टी ऋषिदेव, विमल ऋषिदेव का घर भी आग की चपेट में आने से जलकर खाक हो गया। वहीं आग लगने की सूचना पाकर राज परिवार के सदस्य सर्वेश्वर प्रसाद सिंह, भाजपा नेता सुबोध ऋषिदेव, वार्ड नंबर 1 के वार्ड पार्षद पप्पू शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि पहुंचकर पीड़ित परिवारजन को हिम्मत बढ़ाया एवं हर संभव मदद दिलाने की बात कही। वही तत्काल पीड़ित परिवारजनों को सुखा राशन की व्यवस्था कराई गई। सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी दिव्या कुमारी अंचल कर्मी के साथ पहुंचकर आग से चले घरों का जायजा लिया एवं पीड़ित परिवारजन को आपदा मद से मिलने वाली सहायता राशि देने की बात कही।

## लोहसिंहना गांव निवासी एसआई सुगदेव हाजरा की ड्युटी के दौरान मौत



प्रात: किरण, संवाददाता

सोनो( जमुई ) चकाई प्रखंड के लोहसिंहना गांव निवासी 56 वर्षीय एस आई सुगदेव हाजरा की पुलिस लाइन बेंतिया में ड्युटी के दौरान मौत हो गई हे । वे अपने वृद्ध माता , पत्नी , तीन पुत्र ओर एक पुत्री को छोड़ स्वर्ग सीधार गये । वे 36 वर्षों से बिहार सरकार में पुलिस विभाग में अपनी योगदान दिये । उनका शव लोहसिंहना गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया । मौके पर अपने समर्थकों के साथ पहुंचे चकाई विधानसभा क्षेत्र के पुर्व विधायक प्रत्याशी सह लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव संजय कुमार मंडल ने उनकी पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया , साथ ही मृतक के परिजनों को धैर्य बंधाते हुए उन्होंने कहा कि लोजपा रामविलास के समस्त परिवार इस दुख की घड़ी में आपके साथ हें और हमेशा रहेंगे । इस मौके पर चकाई प्रखंड के लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार पासवान सहित बड़ी संख्या में लोजपाईयों ने दुःख व्यक्त किया ।

## 18 लीटर देशी शराब के साथ दो महिला और ऑटो चालक हुआ गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] भारी मात्रा में प्लास्टिक में पैक कर देशी शराब लेकर जा रहे दो महिला के साथ ऑटो चालक को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार करते हुए शराब को जब्त किया। दरअसल थानाध्यक्ष को सतीघाट के रास्ते से एक ऑटो पर देशी शराब तस्करी की सूचना प्राप्त हुआ जिसके बाद थानाध्यक्ष संजय सिंह एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसबल टीम गठित करते हुए धुंआटोली के पास पहुंचा तो उक्त ऑटो सामने से आते नजर आया जिसको पुलिस ने रूकवाते हुए उस पर सवार दो महिला के साथ के पास मौजूद हैंड बैंग और एक झोला की तलाशी ली गई तो दर्जनभर से उपर छोटी छोटी प्लास्टिक में देशी शराब भरा हुआ पाया गया। जिसके बाद देशी शराब से भरे हैंडबैग और ऑटो को जब्त करते हुए पुलिस ने दोनो महिला और ऑटो चालक को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि लगभग 18 लीटर देशी शराब बरामद हुआ है। गिरफ्तार महिला की पहचान झुमरी देवी और रजनी टुडु साकिन कठौथिया गांव तथा ऑटो चालक की पहचान कामदेव यादव साकिन रजला गांव के रहने वाले के रूप में कि गई है। इस मामलें में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कि जा रही है। बताया जाता है कि दोनो महिला अपने रिश्तेदार के शादी में देशी शराब लेकर जा रही थी।

## सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट ने 51 वीं बार किया रक्तदान

प्रात: किरण, संवाददाता



सोनो (जमुई) सशस्त्र सीमा बल 16 विं वाहिनी चरका पत्थर के कमांडेंट श्री मनीष कुमार के दिशा निर्देश पर जिला मुंगेर सदर अस्पताल ब्लड बैंक के प्रभारी और उनकी टीम की मदद से चरका पत्थर कैंप में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । आयोजित शिविर का विधिवत शुभारंभ कमांडेंट श्री मनीष कुमार एवं सहायक कमांडेंट श्री आशीष वैष्णव तथा डॉक्टर एमडी फैजुद्दीन की उपस्थिति में किया गया है । रक्त दान शिविर में एसएसबी के जवानों , प्लस टू हाई स्कूल के शिक्षक गण एवं क्षेत्र के युवाओं के द्वारा कुल 30 यूनिट रक्त दान किया गया । कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट आशीष वैष्णव ने भी स्वयं रक्तदान कर जवानों एवं युवाओं को प्रेरित किया । उन्होंने बताया कि वे नियमित रूप से रक्त दान करते हैं और उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई है । आज उन्होंने 51 विं बार रक्तदान किया है । श्री मनीष कुमार ने कहा कि रक्त दान महादान है तथा एसएसबी आम जनों की सेवा के लिए हमेशा सदैव तत्पर रहती है । क्षेत्र में लोगों को रक्त की जरूरत पड़ती है तो एसएसबी के जवान तैयार रहते हैं । समय पर लोगों को रक्त मिल सके और पीड़ित की जान बचाई जा सके । इसी मुहिम को लेकर यह कार्यक्रम रखा गया है । इतने गर्म मौसम में भी एसएसबी द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया और लोगों में जागरुकता भी फैलाई गई । डॉक्टर फैज ने युवाओं की भ्रांति दूर करते हुए उन्होंने बताया कि रक्त देने से शरीर में कोई कमजोरी नही आती , अपितु नए सेल्स बनते हैं । शिविर में निरीक्षक श्यामल सरकार एवं सदर अस्पताल मुंगेर रक्त केंद्र की मेडिकल टीम के अवर निरीक्षक लक्ष्मण सिंह के अलावा नागेन राय एवं एसएसबी के जवानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा उपस्थित रहे ।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दोनों तरफ से प्राथमिकी कराई गई दर्ज



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के दरिया गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में दोनो पक्षों की ओर से थाना में एक दूसरे के खिलाफ आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष से बालमुकुंद पासवान ने बताया कि गांव के अनिल पासवान, अरूण पासवान, गुड़िया देवी, मिथुन पासवान, मुन्ना पासवान, आदि घर पर आकर गाली गलौज किया और मारपीअ करने लगा। हल्ला सुनकर मेरा भाई प्रदीप पासवान, पत्नी सीमा देवी, पिता रामखेलावन पहुंचा तो मारपीट करने वाले उक्त लोगों ने मेरे घर के सदस्यों के साथ भी मारपीट किया। दूसरे पक्ष से अरूण पासवान ने दर्ज आवेदन में बताया कि बालमुकुंद पासवान, रंजन पासवान एवं अन्य लोग घर पर आ धमका और मेरी भतीजी जो किसी लड़के साथ चली गई थी उसी बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उक्त सभी लोगों ने डंडा, लाठी आदि से मुझे और मेरी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। दोनो पक्षों के ओर से प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया में जुट गई है।

## ई- शिक्षा कोष पर हाजरी बनाने हेतु स्कूल बिल्डिंग के छत पर चढ़े प्रभारी प्रधानाध्यापक




प्रात: किरण, संवाददाता

सोनो/जमुई : बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा नए-नए प्रयोगों का दौरा अनवरत जारी है जिसके तहत कुछ ऐसे प्रयोग भी किए जा रहे जिसे लेकर शिक्षक समाज के रातों को नींद पूरी तरह गायब हो चुकी है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ द्वारा विगत दिनों जारी पत्र के आलोक में 25 जून से विद्यालयों में उपस्थित शिक्षकों को शिक्षा विभाग के ऐप (ई-शिक्षाकोष) के माध्यम से अटेंडेंस बनाने का निर्देश जारी किया गया। सबसे बड़ी विडंबना तो यह है कि प्रखंड अंतर्गत कुल 199 विद्यालयों में कई ऐसे विद्यालय अवस्थित है जहां प्राइवेट कंपनियों का नेटवर्क नहीं पहुंच पाया अब इस स्थिति में पूर्वाहन 6:30 पर शिक्षकों को विद्यालय पहुंच हाजिरी बनाना किसी युद्ध जीतने से कम नहीं। शिक्षक सैकड़ो किलोमीटर दूरी तय कर जैसे-तैसे विद्यालय तो पहुंच जाते लेकिन समय पर नेटवर्क का साथ ना दे पाने के कारण अटेंडेंस नहीं बन पा रहा, जिससे शिक्षकों में भय और आक्रोश दोनों देखा जा रहा। एक ऐसा ही मामला ढोंढरी पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय में कार्यरत प्रभारी प्रधानाध्यापक से जुड़ा है जिन्होंने ई-शिक्षाकोष पर हाजरी बनाने के लिए छत तक का सहारा ले लिया। जब विद्यालय भवन में नेटवर्क नहीं मिल पाया तो विवश हो विद्यालय के प्रभारी जैसे-तैसे अन्य शिक्षकों की मदद से छत पर चढ़ गए। सबसे बड़ा आश्चर्य तो यह है कि इस तरह की समस्याएं लगभग 50% विद्यालयों में स्थिति है जहां समय पर नेटवर्क का ना होना और सुचारू रूप से ऐप के नहीं चलने के कारण समय पर शिक्षक उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। कई शिक्षकों ने रोष व्यक्त करते हुए प्रखंड से लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी से नेटवर्क कनेक्टिविटी से लेकर ई-शिक्षाकोष ऐप दुरुस्त करने की मांग की तत्पश्चात ही उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा।

## पंचायत के दौरान दो समुदायों में झड़प, पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 26 जुलाई को लछुआड़ थाना के सबलबीघा गांव में दो समुदायों के बीच मारपीट, झड़प और गाली-गलौज की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना पर तत्क्षण कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। स्थानीय साक्षियों से यह जानकारी प्राप्त हुई कि गांव के पूर्व के एक मामले के संबंध में दो समुदायों के बीच पंचायत हो रही थी। पंचायत में बातचीत के मध्य मनमुटाव होने के कारण दोनों समुदाय के कुछ अराजक तत्वों द्वारा पंचायत से निकलकर आपस में गाली-गलौज, झड़प और मारपीट की गई। पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को जरूरी चिकित्सा के लिए अस्पताल भेजा गया था। सभी घायलों को समुचित इलाज हो चुका है। घटनास्थल पर विधि-व्यवस्था संधारण के लिए मध्य रात्रि सतीश सुमन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में सभी संवेदनशील स्थानों पर जिला पुलिस बल एवं एसड्ट्एसड्ट्बीड्ट के साथ फ्लैग मार्च किया गया है। घटनास्थल पर विधि-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से निमंत्रण में और सामान्य है। यथेष्ट सतर्कता के तहत गांव के संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस द्वारा इस घटना में संलिप्त दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस द्वारा अन्य सभी अपराधियों की तलाश में लगातार छापामारी जारी है।

## बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल 11 वीं ने मनाया अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस

**नशा केवल व्यक्तियों को नहीं बल्कि समाज को भी बर्बाद करता है:-हिमांशु शंकर**

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई:-अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 11वीं के द्वारा बुधवार को समादेष्टा हिमांशु शंकर त्रिवेदी के नेतृत्व में शराब बंदी अभियान बल देने के लिए जमुई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 पर और उच्च विद्यालय मलयपुर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कुली बच्चे और लोगों को जागरूकता किया गया। जिसमे की बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 11वीं जमुई के पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा करने वाले लोगों की क्या हालत होती है। नशे करने वाले लोग विभिन्न प्रकार की बीमारी का शिकार हो जाता है। कैसे उसका घर परिवार बिखर जाता है। नशे में लोग अपने परिवार इस साथ हमेशा मारपीट करते रहता है जिस कारण उसके परिवारिक जीवन में कई प्रकार की बाधाएं उत्पन्न हो जाती है।नाटक की प्रस्तुति कर नशे के दुष्परिणामो के बारे में लोगों को बताया गया। इस मौके पर समाधेष्ठा हिमांशु शंकर त्रिवेदी में लोगों शराबबंदी पर जागरूक करते हुए बताया की नशा केवल व्यक्तियों को नहीं समाज को भी बर्बाद करता है। नशे के शिकार हुए लोगों से इस आदत को दूर भगाना है जिसके लिए आम लोगों की सहयोग की जरूरत है। वहीं इस मौके पर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 11वीं के डीएसपी राघव दयाल सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल उपस्थित थे।

## पूल सड़क निर्माण को लेकर किया प्रदर्शन

**फरकिया क्षेत्र वासियों के साथ शासन प्रशासन जन प्रतिनिधि कर रही है सौतेला व्यवहार - किरण देव**



प्रात: किरण, संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के बैनर तले मोहरा घाट काली घाट लंगड़ा घाट पर पुल सड़क का निर्माण करने , फरकिया का सर्वांगीण विकास करने के सवाल को लेकर चरणबद्ध आंदोलन के तहत जल सत्याग्रह आंदोलन धरना प्रदर्शन सभा किया गया, जिसमें हजारों फरकिया वासी चेराखेरा पंचायत के मोहरा घाट मंझवारी बलुवाही करूवाड़ा बेतौना हरदिया सहित दर्जनों गांव के हजारों छात्र नौजवान किसान मजदूर महिलाएं बच्चे बूढ़े ने सक्रिय भाग लिया, जिसका नेतृत्व व अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। जल सत्याग्रह आंदोलन में पूल सड़क निर्माण संबंधी जमकर गगन भेदी नारे लगाए गए। श्री यादव ने कहा कि घाट का स्थलीय जांच कर डीपीआर बनाकर सरकार को प्रशासन भेजें एवं सरकार जल्द स्वीकृति प्रदान कर पूल निर्माण की प्रक्रिया को पूरा करें अन्यथा आंदोलन तेज व उग्र होगा, जिसका जिम्मेदार सरकार प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि यदि पुल सड़क निर्माण होता है तो सैकड़ो गांव के लाखों लोग लाभान्वित होंगे एवं फरकिया का सर्वांगीण विकास होगा। पूल नहीं रहने से काफी कठिनाइयों होती है, नाव डूबने, जन माल की क्षति होने की संभावना बनी रहती है। गर्भवती बुजुर्ग और बच्चे को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय समाजसेवी मोहम्मद नसीम जावेद एवं सरपंच प्रतिनिधि देवनारायण रजक, मुखिया प्रतिनिधि निरंजन राम ने कहा कि इस क्षेत्र का विकास हेतु किसी उद्धारक का तलाश है अब आम जनता किरण देव यादव के नेतृत्व में गोलबंद हो गई है जब तक पूल निर्माण नहीं होगा आंदोलन जारी रहेगा। फरकिया मिशन के सचिव लालमणि सदा जामुन शाह उपेंद्र शाह निरंजन राम , नारायण यादव दिनेश चौधरी राजा शाह कालू शाह सुधीर शाह सुधीर शाह फूचन शाह कैलाश महतो हेमंत शाह, दीप नारायण चौधरी, अनीता देवी सरिता देवी दौना देवी कारी देवी , सबीना खातून , दीना सदा चंद्रशेखर शाह झगरु चौधरी इत्यादि, ने पुल सड़क निर्माण करने एवं फरकिया के सर्वांगीण विकास के सवाल को लेकर एकजूटता का इजहार किया एवं जब तक मांगे पूरी नहीं होगी आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया। फरकिया वासियों ने कहा कि राजा टोडरमल की तरह आज के शासन प्रशासन जन प्रतिनिधि इस क्षेत्र को फरक कर सौतेला व्यवहार कर रही है। नेताओं ने कहा कि शासन प्रशासन जनप्रतिनिधि को सूचना देने के बावजूद किसी भी प्रकार का सक्रियता आंदोलन के प्रति नहीं दिखाई, इस संवेदनहीनता का घोर निंदा करते हुए बीडीओ सीओ का घेराव करने का निर्णय लिया गया।

## एक व्यक्ति के साथ ससुराल वालों ने कि मारपीट

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और ससुराल वालों के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संदर्भ में कठबजरा गांव के रहने वाले रंजीत यादव ने दर्ज आवेदन में बताया कि बुधवार रात्रि में मै खाना खाकर अपने आंगन में सो रहा था कि तभी लगभग 15 की संख्या में लोग आकर मेरा मुंह दबाकर हाथ पैर को पकड़कर गाली गलौज करते हुए जान मारने की धमकी देने लगा। हमने देखा कि मेरी पत्नी सुनीता देवी सामने खड़ी है जिसके बाद साला अनिल यादव, ससुर उत्तम यादव अन्य दो अज्ञात लोग मेरे साथ मारपीट करने लगा। हल्ला कर ग्रामीणों को बुलाने लगा तो अनिल ने चाकू से मेरे उपर प्रहार कर मुझको घायल कर दिया और फिर वे लोग भाग निकला। पीड़ित ने बताया कि मारपीट का कारण न्यायलय में पत्नी एवं ससुराल वालों के साथ मुकदमा चल रहा है। पीड़ित ने दर्ज आवेदन में आगे बताया है कि मेरी पत्नी बिगत सात साल से ससुराल में ही रह रही है और ससुराल वाले लोग मुझे जान मारने की साजिश रच रहा है।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह की लोगों ने मनाई पुण्यतिथि, किया याद

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पूर्व केंद्रीय मंत्री सह बांका के सांसद रह चुके दिवंगत दिग्विजय सिंह की 14 वीं पुण्यतिथि शहर के चैती दुगार्मंदिर निकट प्रतिमा स्थल के पास मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद अशोक साव ने किया। मौके पर समाजसेवी कृष्णा साव, बालो सिंह, दिलीप रविदास, अरबिंद यादव एवं अन्य उपस्थित लोगों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित कर उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री को लोग प्रेम से दादा के नाम से पुकारते थे। उन्होनें अपने राजनीतिक कार्यकाल में सिर्फ विकास की बातें की। उनके द्वारा इस क्षेत्र में कई विकास कार्य किए गए है जिन्हें लोग आज भी याद करके भावुक हो जाते है। गरीब बेटियों की शादी हो या फिर समाज के वैसे लोग जिन्हें मदद की आवश्यकता हो, उनलोगों के दुख दर्द को हमेशा बांटते हुए उनलोगों के चेहरे पर हमेशा खुशी लाने का काम किया। स्थानीय क्षेत्रवासियों के साथ साथ बांका सहित पूरे राज्य में उनके किए गए कार्यो को लोग याद करते। आज उनके अधूरे कार्यो को पूरा करने के लिए उनकी सुपुत्री जमुई विधायक सुश्री श्रेयषी सिंह निरंतर कार्य करते हुऐ अपने पिता के बताए गए सिद्धांतो पर चल रही है।

## आरटीई के तहत नामांकन पर अब लगाना होगा बैनर

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर।आरटीई के तहत नामांकन को लेकर विभाग लगातार तैयारी कर रही है।लेकिन अब अभीभावक जागरूक नहीं हो रहे हैं। जिस वजह से आवेदकों की संख्या काफी कम है या कह लें ना के बराबर है।डीईओ राजेश कुमार ने बताया की आरटीई के प्रति अभिभावक जागरूक हों इसके लिए सभी प्रस्वीकृत निजी स्कूल संचालकों को स्कूल के मेन गेट पर नामांकन से संबंधित बैनर लगाने का निर्देश दिया गया है।बैनर में लिखना है कि हमारे स्कूल में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत अलाभकारी समूह व कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन शुरू है।बताया कि ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से 16 जून तक नामांकन के लिए बच्चे व अभिभावक संबंधित कागजात के साथ आवेदन करेंगे। 18 से 19 जून तक बच्चों का स्कूल आवंटन शिक्षा विभाग के द्वारा किया जाएगा। जिन स्कूलों में बच्चों का आवंटन शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा बच्चे उस स्कूल में 20 से 30 जून तक नामांकन ले सकते हैं। अलाभकारी समूह के वैसे बच्चे जिनके माता-पिता,वैधानिक अभिभावक की वार्षिक आय 1 लाख रुपये तक हो।वही कमजोर वर्ग के वैसे छात्र जिनके माता-पिता की वार्षिक आय दो लाख रुपए से कम हो।साथ ही 1 अप्रैल 2024 तक बच्चों की उम्र 6 से अधिक होना अनिवार्य है। 2 अप्रैल 2016 से लेकर 1 अप्रैल 2018 के बीच जन्म लिए बच्चे ही प्रवेश के पात्र होंगे।

## किसान नेता अतुल की स्मृति में आयोजित संकल्प सभा

प्रात: किरण, संवाददाता

बेगूसराय। भगवान की खोज में जंगलों,पहाड़ों,नदियों,हिमालय की चोटियों, देशभर के सभी छोटे-बड़े मंदिरो और ठाकुरबारियों का खाक छानने में बरसों भटकते रहे। मगर उन्हें कहीं भगवान का दर्शन नही हुआ। भगवान की खोज में सभी धार्मिक पुस्तकों का गहन अध्ययन से भी उन्हें भगवान का दर्शन नहीं हुआ। मगर किसानों के पीड़ा को दूर करने हेतु चलाए गए संघर्षो के बीच स्वामी सहजानंद सरस्वती को किसानों के बीच भगवान का दर्शन हुआ। वह कहा करते थे सबसे बड़ा भगवान किसान है। जो खुद अपना खून जलाकर औरों का पेट भरता है। उक्त बातें पटना विश्वविद्यालय के प्रो तरुण कुमार ने स्वामी सहजानंद सरस्वती के74वां पुण्यतिथि के अवसर पर लोकप्रिय किसान नेता अतुल कुमार अंजन की स्मृति में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन का जन्मदाता बिहार में आज सबसे ज्यादा कष्टकर जीवन जीने के बावजूद कोई किसान आंदोलन क्यों नहीं शुरू हो रहा है? उन्होंने कहा कि किसानों को कम उत्पादन होता है, तब भी किसान मारे जाते हैं और अधिक उत्पादन होता है, तब भी मारे जाते है। यदि बाहरी कोई आमदनी नहीं है, तो बड़े से बड़े किसानों के पास खेती के लिए अपना पूंजी भी नहीं है। उन्होंने कहा देश को बचाने के लिए किसानों को आगे आना होगा। स्वामी जी को याद करने का मतलब है। किसान आंदोलन को तेज करना और उनके सपनों को साकार करना। इस अवसर पर बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि छात्र जीवन से ही अतुल कुमार अंजान संघर्ष के मैदान में कूद पड़े थे। उस जमाने में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र यूनियन का चार-चार बार अध्यक्ष चुना जाना,कोई मामूली बात नहीं थी। उनके पिता जी भी बड़े प्रतिष्ठित डॉक्टर के अलावा सरदार भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के साथ काम किएसमापन से पहले दो मिनट खड़े होकर मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### हत्या मामले में आजीवन कारावास और अर्थ दंड की सजा

छपरा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एकादश राजेश कुमार त्रिपाठी ने मढ़ौरा थाना कांड संख्या 411/ 21 के सत्रवाद संख्या 454/ 22 में मढ़ौरा थाना के रामपुर ग्राम निवासी उमेश साह को अंदर दफा 302 भा द वी मे आजीवन कारावास एवं 20 हजार अर्थ नहीं देने पर अतिरिक्त तीन माह की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने न्यायालय में अनुसंधान कर्ता एवं डॉक्टर सहित कुल 6 गवाहों की गवाही कराई। पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र 10 सितंबर 2021 को समर्पित कर दिया गया था । बताते चले मढ़ौरा थाना की रामपुर निवासी आदित्य कुमार ने सदर अस्पताल छपरा में अपना बयान दर्ज कराया था जिसमें उसने बतलाया था कि 15 जुलाई 2021 को 1:00 बजे दिन उसके पिता रघुवर महतो बाजार गए थे और वहां चाय के दुकान पर चाय पी रहे थे। तभी उसी के गांव का उमेश साह उसके पिताजी के साथ गाली गलौज करने लगा मना करने पर पैकेट से चाकू निकाल कर जन मारने की नीयत से पिताजी के गला पर वार कर दिया। जिससे वह जख्मी होकर वहीं गिर गए। अगल-बगल के लोगों की सहायता से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा लाया गया जहां से उचित इलाज हेतु छपरा रेफर कर दिया गया रास्ते में ही उसके पिता की मृत्यु हो गई।

### दो आरोपी गिरफ्तार

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सफारी गांव निवासी शराब कांड के नामजद अभियुक्त सादिक नट के पुत्र घुघली नट को गिरफ्तार कर लिया इन पर पुर्व के शराब कांड के आरोप था। वहीं दूसरा भोदसा गांव निवासी मोहन महंतो के पुत्र विक्की महतो पर पुर्व के मारपीट के नामजद अभियुक्त हैं। दोनों को पुलिस ने जेल भेज दिया

### नवादा में बांसवाड़ी में लगी आग, सैकड़ों पेड़ जले

इसुआपुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के नवादा गांव में बांसवाड़ी में गुरुवार को आग लग गई ।इस भयंकर अगलगी में दस बासवाड़ी की कोठी में लगे सैकड़ो बांस जल गए। वहीं बांसवाड़ी के आसपास लगे आम तथा जामुन के पेड़ भी झुलस गए। जिन लोगों के बसवाड़ी तथा पेड़ जले हैं, उनमें उसी गांव के डीलर कामेश्वर सिंह , मंटू सिंह, रिंटू सिंह, श्री सिंह, राजकुमार सिंह शामिल हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार किसी शरारती तत्व द्वारा आग लगाया गया था। जो देखते-देखते भयंकर रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर इसुआपुर पुलिस ने फायर ब्रिगेड विभाग को सूचित किया। जिसके बाद मशरक से आई फायर ब्रिगेड की टीम के द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जिससे आज की लपटें बस्ती की तरफ नहीं बढ़ पांई तथा अप्रिय घटना घटित होने से बच गई। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रोहित सिंह कुशवाहा, अशोक सिंह, अवधेश सिंह, मुख्तार शर्मा, मनोज सिंह व अन्य ने आग बुझाने में काफी सहयोग किया।

### वर्ग एक के नामित शिक्षकों का तीन दिवसीय चहक प्रशिक्षण का हुआ समापन

परसाः-प्रखंड क्षेत्र के बीआरसी सभागार में गुरुवार को वर्ग एक के नामित शिक्षकों का तीन दिवसीय चहक प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया ।इस प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 125 शिक्षक प्रतिभागियों ने भाग लिया ।इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक सह मास्टर ट्रेनर अजय कुमार अंजाना व प्रमोद चौरसिया ने बताया कि ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कक्षा एक में नामांकित होने वाले सभी बच्चों को प्रथम तीन माह की अवधि में स्कूली शिक्षा के लिए तैयार करना अनिवार्य है ।उन्होंने बताया कि चहक प्रशिक्षण के द्वारा बच्चों को सीखने के लिए आनंदमयी वातावरण प्रदान करना जरूरी है ।प्रशिक्षण में बताया गया कि बच्चों को ध्यान में रखते हुए उनके सीखने सिखाने की प्रक्रिया को सरल सहज एवं मनोरंजन पूर्ण बनाना शिक्षकों का मुख्य दायित्व एवं कर्तव्य है ।चहक मॉड्यूल में कुल 140 गतिविधियां हैं इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में भाषा विकास, शारीरिक विकास,संख्यात्मक विकास एवं पर्यावरण जागरूकता,सामाजिक एवं भावनात्मक विकास सिखाया जाता है ।प्रशिक्षण में हरीश कुमार,चंदेश्वर कुमार,संजू कुमारी सरोज,विनोद कुमार,प्रियंका चौधरी, सुनीता कुमारी, चंद्रकला देवी,चांदनी सिंह,अर्चना गुप्ता, मुन्ना प्रसाद सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# 106 करोड़ रुपये की लागत से किया अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का उदघाटन



प्रात: किरण, संवाददाता

वाल्मीकिनगर ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पश्चिमी चम्पारण जिला के बगहा अनुमंडल अंतर्गत वाल्मिकी नगर में गुरुवार को 106 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर और अतिथि परिषद का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उनके साथ भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कन्वेंशन सेंटर परिसर में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर सीएम ने कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण किया और इसके विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। कहा कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। कन्वेंशन सेंटर क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन, कार्यशालाओं और अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल होगा। यह परियोजना क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा ।सीएम नीतीश कुमार तकरीबन 30 मिनट तक वाल्मीकि नगर में रहे। इस दौरान उन्होंने कन्वेंशन सेंटर के विभिन्न ब्लॉक का निरीक्षण किया। हालांकि, निरीक्षक और उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बारिश भी हुई। लेकिन, छाता के अंदर रह कर ही सभी कार्यक्रम पूरे किए गए। गौरतलब हो कि लगातार सीएम नीतीश कुमार वाल्मीकि नगर के विकास की बात करते रहते हैं। वहीं, पर्यटन के क्षेत्र में सीएम ने यहां काफी हद तक विकास किया है। तेजी से विकास के लिए वाल्मीकि नगर में नए-नए काम किया जा रहे हैं। इसी का एक पार्ट कन्वेंशन सेंटर भी है। फिलहाल, पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कन्वेंशन सेंटर की बड़ी भूमिका हो सकती है। इस अवसर पर वाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार, विधायक रिंकू सिंह, राम सिंह बिहार विधान परिषद सदस्य भिष्म साहनी समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा किया प्रखंड कार्यक्रम की बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी। जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण सौरव जोरवाल की अध्यक्षता में नीति आयोग, भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम से संबंधित सभी संकेतकों की वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक नीति आयोग के द्वारा प्रस्तावित संपूर्ण अभियान निर्धारित किया गया है, इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी के द्वारा सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ गतिविधियों को संचालित करने हेतू निर्देर्शित किया गया। स्वास्थ्य से संबंधित सूचकांकों की समीक्षा जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक में करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्रत्येक माह प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तर पर सभी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित करने एवं सभी सूचकांकों के आंकड़ों की समीक्षा हेतू निर्देर्शित किया गया । संपूर्ण अभियान के दौरान संचालित होने वाली गतिविधियों यथा-संपूर्ण अभियान उत्सव, संपूर्ण अभियान यात्रा, संपूर्ण अभियान सभा, संपूर्ण अभियान मेला, संपूर्ण अभियान ज्योति, संपूर्ण अभियान सर्वत्र में आयोजित की जाने वाली गतिविधियां के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अभियान के 4 जुलाई से शुभारंभ की तैयारियों के संबंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पूरे अभियान में जन भागीदारी, जन प्रतिनिधियों का सहयोग, मीडिया के माध्यम से जन जागरुकता, सभी विभागों के आपसी समन्वय को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पीरामल फाउंडेशन के मुकेश कुमार ने सभी सूचकांकों पर विस्तार से चर्चा की एवं दोनों आकांक्षी प्रखंड कल्याणपुर एवं केसरिया में यथा संभव तकनीकी सहयोग हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई। इसके सारे लक्ष्य अंतिम पायदान पर खड़े आम जनता के जीवन में सुधार की महत्वपूर्ण पहल है। जिलाधिकारी के द्वारा अभियान की सफलता की शुभकामनाएं देने के साथ बैठक की समाप्ति की गई।

## प्रभु नाथ दास बने गौतम स्थान मंदिर के महंत

छपरा कार्यालय। गौतम स्थान मंदिर के महंत रामदयालु दास के 13 वीं श्रद्धा कर्म के अवसर पर नए महंत प्रभुनाथ दास को चादरपोशी कर सैकड़ो संतो एवं शिष्यों के बीच में मंहत के दायित्व पर स्थापित किया गया। इस अवसर पर धर्म प्रचारक अरुण पुरोहित ने कहा कि महर्षि गौतम आश्रम जहां प्रभु राम ने आकर अहिल्या का उद्धार किया इस पवित्र तपोस्थली की मिट्टी से हम चंदन करते हैं ,वंदन करते हैं। नए मंहत को उनके दायित्व का बोध कराया। तपोस्थली की सुरक्षा एवं भारत के मानचित्र पर पर्यटक स्थल बनाने के लिए सतत प्रयास किया जाएगा । इस अवसर पर देश भर से उनके शिष्य दिल्ली ,लखनऊ ,सिवान ,देवरिया उत्तर प्रदेश,कोलकाता से पहुंचे । बड़ी संख्या में महिलाएं बहनों की भी उपस्थित रही ।अरुण पुरोहित ने कहा कि जल्द ही स्थानीय कमेटी का गठन किया जाएगा ।सारण जिला के समाजसेवी बलराम सिंह अधिवक्ता एवं पारस नाथ अधिवक्ता सहित तमाम मठ के मठाधीश एवं गण्यमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# बाल हृदय योजना से हृदय में छेद से पीड़ित अनुष्का के चेहरे पर आयी मुस्कान

## अहमदाबाद में हुआ दिल के छेद का सफल व निःशुल्क ऑपरेशन

- उसे नहीं है अब कोई परेशानी, अपना कर लेती है हर दैनिक कार्य




प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी। मोतिहारी सदर प्रखंड के छोटा बरियारपुर, वार्ड नंबर 40 निवासी 12 वर्षीया अनुष्का कुमारी अब बेहद खुश है। मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत उसके हृदय के छेद का निःशुल्क ऑपरेशन सत्य साईं हॉस्पिटल, अहमदाबाद में सफलतापूर्वक हो चुका है। यह योजना अनुष्का के साथ ही उसके परिवार के लिए भी वरदान साबित हुई है। अनुष्का की माँ उषा देवी ने बताया कि उसको बचपन से ही सांस फूलने की शिकायत थी। एक बार उसे बचपन में निमोनिया होने पर प्राइवेट चिकित्सक से दिखाया तो उन्होंने कुछ जाँच करवाइ। इसमें अनुष्का के दिल में छेद होने की जानकारी मिली। डॉक्टर ने बाहर दिखाने की सलाह दी। तभी अनुष्का के सरकारी विद्यालय में आरबीएसके चिकित्सकों ने बच्चों की जाँच के लिए मेडिकल कैंप लगाया। जहाँ आरबीएसके सदर चिकित्सक डॉ खालिद अख्तर ने अनुष्का की जाँच की। उन्होंने उसे डीआईसी कार्यालय सदर अस्पताल में रेफर किया। यहाँ आने पर अनुष्का के माता पिता आरबीएसके डीसी डॉ. शशि से मिले। आवश्यक कागजातों की कार्रवाई पूरी कर उन्हें आईजीआईसी पटना भेजा गया। वहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों ने हृदय में छेद होने को पकड़ा। उनको अहमदाबाद सर्जरी के लिए रेफर किया गया। 10 जून को अनुष्का को हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के साथ एम्बुलेंस से पटना भेजा गया उसके बाद प्लेन से श्री सत्य साईं हॉस्पिटल अहमदाबाद गईं जहाँ 19 जून को हृदय के छेद का सफल ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन के बाद अब अनुष्का काफी खुश है कि बिना डरे वह अब सहेलियों के साथ खेल और दौड़ सकेगी। इ्रपरिवार के लिए वरदान साबित हुई योजना अनुष्का के इलाज में लाखों रुपए खर्च होते लेकिन बिहार सरकार की योजना ने निःशुल्क इलाज करवाया। यह इस परिवार के लिए वरदान साबित हुई है। इलाज के बाद अनुष्का पढ़ाई के साथ अपना दैनिक कार्य भी बखूबी कर रही है। यह देखकर सभी लोग काफी खुश है। माँ उषा देवी ने बताया कि मेरी बेटी को सरकार से बड़ी सहायता मिली है। वर्ना हमलोगों से अनुष्का का इलाज नहीं हो पाता। आरबीएसके डीसी डॉ शशि ने बताया कि बच्ची के इलाज के साथ ऑपरेशन में होने वाले सारे खर्च के अलावा हवाई जहाज का टिकट, अहमदाबाद में खाने से लेकर रहने तक का सारा इंतजाम सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वस्थ्य कार्यक्रम के तहत सूबे में 43 तरह की बीमारियों का इलाज निःशुल्क होता है।

## विशेष अभियान में 56 अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी

छपरा ' सारण पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों की गिरफ्तारी, शराब सेवन एवं बिक्री पर पाबंदी को लेकर बुधवार की रात्रि में विशेष अभियान चलाया गया ' इस अभियान में कुल 56 अपराधयुक्तों की गिरफ्तारी की गई ' इस गिरफ्तारी में पुलिस पर हमला कांड के दो अपराधी, दहेज हत्याकांड के एक, आर्म्स एक्ट के चार, हत्या के प्रयास के नव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति जनजाति एक्ट के पांच, आईटी एक्ट के एक, खनन के पांच, अन्य कांड के एक, मध्य निषेध कांड के 14 तथा अन्य पिछड़ा कांड के 14 अभियुक्त शामिल हैं ' इसके अतिरिक्त यातायात सुरक्षा के तहत 4500 रुपए जुमार्ना भी है वसुला गया इस आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने दी '

## बिजली का तार जोड़ने गए मिस्त्री की मौत

प्रात: किरण, संवाददाता

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के मिस्कारी टोला गांव में बुधवार की देर रात बिजली का तार जोड़ने पहुचें निजी मिस्त्री की मौत करंट लगने से हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिस घटना के बाद मृतक के परिजन तथा मिस्त्री को बुलाने वाले परिजनों के बीच जमकर बवाल हो गई। पुलिस पहुचाने के बाद मामला शांत हो सकी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पैगंबरपुर गांव निवासी स्वर्गीय असलम कुरैशी के 26 वर्षीय पुत्र इमरान कुरैशी को मिस्कारी टोला गांव में बिजली के पोल पर तार जोड़ने बुलाया गया था। जहां उक्त बिजली मिस्त्री तार जोर ही रहा था कि बिजली संचालित होने लगी। तथा बिजली की करंट युवक को अपने चपेट में ले लिया। लोग जब तक कुछ कर पाते की मिस्त्री की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जिसको आनन फानन में रेफरल अस्पताल बनियापुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा बिजली मिस्त्री को मृत घोषित कर दिया गया। जिसकी सूचना मिलते ही बिजली मिस्त्री के परिजन अस्पताल पहुंच कर अस्पताल ले गए स्थानीय लोगों से विवाद करने लगे। सूचना पर थाना पहुंची तो मामला शांत हो सका। जिस मामले को देखते हुए पुलिस द्वारा मिस्त्री के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजा गया है। घटना के संबंध मे यह भी बताया गया है कि एक वर्ष पहले मृतक का पिता का अचानक हार्ट अटैक से मौत हो जाने के बाद परिवार निराश्रय हो गया था,माता विधवा का एक यही एक मात्र सहारा था,मृतक का दो छोटा भाई है,घटना से परिवार मे कोहराम मचा है,सब का रो रोकर बुरा हाल है।

## प्रखंड उप प्रमुख ने लोगों की सुनी समस्याएं



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।मझौलिया प्रखंड प्रमुख कार्यालय में प्रखंड उपप्रमुख नरेश कुमार यादव ने पहुंचे लोगों की समस्या को सुनते हुए ऑन दी स्पॉट निष्पादन किया। बरवा सेमरा घाट पंचायत से पहुंचे गरीब रामबाबू पासवान ने बताया कि पंचायत सचिव एवं कर्मियों की लापरवाही के कारण मेरे बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है जिसे आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। उक्त गरीब के लाचारी को देखते हुए उप प्रमुख ने स्वयं अधूरे फॉर्म को पूरा कर पंचायत सचिव को अग्रसारित कर निष्पादन करने की बात कही ।उन्होंने कहा कि एक पैसा किसी को रिश्वत नहीं देना है यदि कोई मांगता है तो तुरंत मुझसे बोले ।वही आधार कार्ड, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड,पीडीएस दुकानदारों द्वारा पर्ची निकालना समयपर राशन वितरण नहीं करने समेत तमाम समस्याओं की शिकायत लोगों ने की इस शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पंचायत सचिव एवं कर्मी को फोन कर अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया ।वही वंशावली मृत्यु प्रमाण पत्र की वजह से हो रहे विवाद पर उपस्थित पंचायत सचिव नरेश कुमार से आ रही समस्या एवं निष्पादन पर अपने विचार को जनहित में साझा किया। इस मौके पर विनय कुमार समाजसेवी टुन्ना सिंह, प्रिया कुमारी, समीर फरियादी उपस्थित थे।

# भारत विकास परिषद के संस्थापक महासचिव डॉ. सूरज प्रकाश की जयन्ती पर किया नमन

प्रात: किरण, संवाददाता




रक्सौल। भारत विकास परिषद शाखा की ओर से परिषद के प्रणेता संस्थापक राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सूरज प्रकाश की 104वीं जयंती पर उन्हें याद किया । शहर के पटेल पथ स्थित राधा कुंज परिसर में जयंती समारोह आयोजित कर नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर भारत माता एवं डॉ. सूरजप्रकाश जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वन्दे मातरम् गायन के साथ केक काटकर किया गया। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह एवं सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने डॉ. सूरज प्रकाश जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए इस बात को रेखांकित किया कि राष्ट्र समर्पित तथा नर सेवा नारायण सेवा की अवधारणा को चरितार्थ करने वाले परिषद के संस्थापक तथा प्रथम राष्ट्रीय महासचिव सूरज प्रकाशजी के नेतृत्व में युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद जी के जन्म शताब्दी वर्ष सन 1963 में भारत विकास परिषद की स्थापना हुई। भारत विकास परिषद एक गैर राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय संगठन है। यह संगठन बीते छः दशक से समाज के वंचित वर्ग की सेवा के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यावरण पर कार्य कर नई पीढ़ी में देशभक्ति के संस्कारों को प्रवाहित कर रहा है, अब संस्था अपने सातवे दशक में प्रवेश कर गयी है। वहीं परिषद के वरीय सदस्य द्वारिका सर्राफ ने कहा कि वर्तमान में देश भर में इस परिषद की सोलह सौ से अधिक शाखाएं चल रही हैं तथा लगभग डेढ़ लाख से अधिक सदस्य विभिन्न दायित्व का निर्वहण कर सामाजिक कार्यों में अतुलनीय योगदान दे रहे हैं। वही इस मौके पर परिषद के वित्त सचिव सीताराम गोयल ने कहा हम सभी डॉ. सूरज प्रकाश जी की स्मृतियों के आलोक में सतत समाज एवं राष्ट्र सेवा में सतत लगे रहें इसके लिए हम सभी सदस्य संकल्पबद्ध हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ। इस मौके पर परिषद के द्वारिका सर्राफ, उमेश सिकारिया, सुरेश धानोठिया, अजय कुमार, गोपाल सर्राफ, धर्मनाथ प्रसाद, सुनील सर्राफ, भार्गव सर्राफ, स्वरा सर्राफ आदि उपस्थित रहे। इसकी जानकारी परिषद के सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

## किसान चौपाल का आयोजन कर कृषि विभाग के योजनाओं से सम्बंधित बातो को बताया गया

प्रात: किरण, संवाददाता

अमनौर स्थानीय प्रखण्ड अंतर्गत अमनौर कल्याण पंचायत के गंगापुर गाँव में किसान चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमे पंचायत स्तर /प्रखण्ड स्तर के कर्मी व अधिकारी उपस्थित हुए । लगभग 115 किसानो को समेकित कृषि प्रणाली व क्लस्टर में खेती , श्री अन्न की खेती, संकर मक्का की खेती, धान की खेती, बीज टीकाकरण से लेकर कीट व्याधि प्रबंधन पर विशेष प्रकाश डाला गया। किसानो की समस्याओं को भी सुना गया और उनका समाधान किया गया । बागवानी, पौधा संरक्षण की योजनाओं की जानकारी दी गई । किसानो को ड्रोन से छिड़काव की विशेषता और उपयोग के बारे में बताया गया। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में सभी किसानों को सत्यापन करवाने के बारे में बताया गया, किसानों के द्वारा कई प्रश्न किये गए ....निजी नलकूप कैसे कराए और कितना अनुदान है इसपर भी चर्चा की गई। प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक अजय कुमार द्वारा जैविक की खेती पर विशेष प्रकाश डाला गया। प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी रामाधार यादव द्वारा आत्मा के द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया. इस किसान चौपाल में सहायक तकनीकी प्रबंधक वैभव कुमार, किसान सलाहकार प्रशान्त कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, अभिमन्यू कुमार, पूर्व आत्मा अध्यक्ष श्री अखिलेश सिंह, वार्ड सदस्य, समाजसेवी उज्जवल कुमार सिंह आदि मौजूद थे. अंत मे प्रगतिशील किसान उपेन्द्र सिंह द्वारा कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा धन्यवाद के साथ की गयी।

# नीतीश कुमार ने ड्रीम प्रोजेक्ट का किया अनावरण पर्यटन को मिलेगा नया आयाम





प्रात: किरण, संवाददाता

वाल्मीकिनगर ।नसीम खान क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सबसे पसंदीदा जगहों में से एक वाल्मीकिनगर में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का आज से शुभारंभ हो गया। सीएम नीतीश कुमार ने आज इस कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन और निरीक्षण किया। बतादें की मुख्यमंत्री ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट का शिलान्यास 6 मई 2022 को किया गया था। वहीं, लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने अपने दोनों उप मुख्यमंत्रियों के साथ सीएम आवास से मार्च में ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया था जिसका आज एक बार फिर से लोकार्पण किया है। इसके अलावा पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी और बगहा एसडीएम समेत भवन निर्माण विभाग के कई अधिकारियों को सीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बतादें की 25 एकड़ में निर्मित कन्वेंशन सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और इसका निर्माण 120 करोड़ की लागत से किया गया है ।कन्वेंशन सेंटर की क्षमता 500 लोगों की है। कन्वेंशन सेंटर में बहुउद्देशीय सभागार, आधुनिक ऑडियो और वीडियो उपकरण लगाए गए हैं ।पार्किंग की भी विशेष व्यवस्था की गई है। पूरे भवन को भूकंप रोधी बनाया गया है साथ हीं इस कन्वेंशन सेंटर में बराज के किनारे 100 कमरों का अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अतिथि ग्रह का निर्माण कराया गया है। सबसे बड़ी बात यह है की यहां ठहरने वाले पर्यटक अपने कमरों से हीं जल, जंगल और पहाड़ का दीदार कर सकेंगे।

## थानाध्यक्ष का विदाई समारोह का आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

दरियापुर ।डेरनी थाना परिसर में तत्कालीन थानाध्यक्ष रिंकी कुमारी की भव्य तरीके से बिदाई की गई,वही नवपदस्थापित थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी का स्वागत भी किया गया ।समारोह को संबोधित करते हुए रिंकी कुमारी ने सर्वप्रथम यहां के जनप्रतिनिधियों,समाजिक कार्यकताओं तथा मीडियाकर्मियों को धन्यवाद देते हुए कहा की क्षेत्र में अमन चैन तथा आपसी सदभाव बनाने में आप सबों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूं ।आप सबों के सहयोग से ही अपराध पर लगाम लगाने में सफलता मिली थी ।यह कार्यकाल मुझे सदैव यादगार रहेगा। वहीं नवपदस्थापित थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने कहा की अपराध पर नियंत्रण बनाए रखना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। वहीं आप सभी के सहयोग से क्षेत्र में अमन शांति कायम रहेगी ।पुलिस के द्वारा किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी ।इसके उपरांत भाकपा नेता डा0 के एन सिंह ने पूर्व थानाध्यक्ष के कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा की ये एक निर्भीक एवम ईमानदार अधिकारी थी ।जिस कारण क्षेत्र में अपराधिक घटनाएं नियंत्रित हो गई थी ।कई बड़ी घटनाओं का त्वरित रूप से न सिर्फ उद्भेदन कर देना,बल्कि घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार भी कर लेना इनकी विशेषता थी ।स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा की थानाध्यक्ष के द्वारा हमेशा क्षेत्र में भ्रमणशील रहना एक ऐसी विशेषता थी,जिसके कारण असामाजिक तत्वों के बीच हमेशा दहशत का माहौल बना रहता था। युवा समाजसेवी सुमंत बाबा ने कहा की इनके कार्यकाल में कोई भी फरियादी निर्भीक रूप से थाना में आकर अपनी शिकायत दर्ज कराता था ।वहीं सभा को संबोधित करने वालो में एसआई ईशा राज,गोलू चौबे,गिरिजा राय,मोनू सिंह,सामाजिक कार्यकर्ता सह व्यवसायी त्रिलोकी साह ,सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र राय,मुखिया सुनील कुमार यादव,बीडीसी मुकेश कुमार,सरपंच लक्ष्मी महतो समेत दर्जनों गणमान्य मौजूद थे।

## शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों पर बोले मांझी - बांझ का जानी परसोती के पीड़ा

प्रात: किरण, संवाददाता

जलालपुरेशिक्षा विभाग के पदाधिकारियों पर जम कर बरसते हुए मांझी विधायक डॉ सत्येंद्र यादव ने कहा कि बांझ क्या जाने परसोती का पीड़ाह्व वे अपने कोपा स्थित आवास पर गुरूवार को अपराहन में विधानसभा क्षेत्र के विद्यालय प्रधानों की बैठक में बोल रहे थे उन्होंने ग्रामीण इलाको मे शिक्षा मे गुणात्मक सुधार के लिए विद्यालय प्रधानो की बैठक बलाई थीजिसमे उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कुछ गंभीर समस्याएं हैंपागलपन के शिकार ऑफिसर है जो कुछ अव्यावहारिक डिसीजन ले रहे हैंउन्होंने कहा कि जो शिक्षा विभाग में नहीं है ,जो टीचिंग वर्क नहीं करते हैं ,वे शिक्षक व छात्रो की पीड़ा को क्या समझेंगे उन्होंने कहा कि पहले के के पाठक ऐसा करते थे अब उनकी राह पर सिद्धार्थ चल रहे हैं वही उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री भी उसे बना दिया गया है जिसे शिक्षा से कोई सम्बन्ध नही हैवही सरकार के द्वारा कुछ कठिनाइयां जरूरत से ज्यादा पैदा की जा रही हैउन्होंने कहा कि 22 तारीख से चलने वाले विधानसभा के सत्र में शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं को सदन के पटल पर रखा जाऐगो उन्होने इस पर विचार विमर्श किया है उन्होंने बताया कि मेरे तरफ से जो सहयोग है जैसे विद्यालयों का जीर्णोद्धार, बैंच -डेस्क ,अलमीरा, भवन निर्माण, चाहर दिवारी,खेल का मैदान, जिम को बेहतर बनाने के लिए मेरा सार्थक प्रयास रहेगा ताकि इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होमेरा पूरा प्रयास है कि प्राइवेट इंस्टीट्यूशन से हमारा सरकारी विद्यालय आगे निकलेमौके पर शिक्षक नेता उदय शंकर गुड्डू. सुनील तिवारी, डॉ राजेश यादव. रामजी तिवारी विद्यार्थी ,दिलीप कुमार सिंह ,सुरेंद्र राम, कृष्ण सागर,अखिलेश्वर पांडेय, अम्बदत गुंजन ,मणीन्द्र कुमार पांडेय, राजेश कुमार ,गोलू कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह ,प्रसिद्ध सिंह ,हरिदयाल यादव, बसंत कुमार प्रसाद,पूर्व उप प्रमुख बटेश्वर कुशवाहा, सुनील कुमार सिंह,सुनील राम, मुकेश तिवारी. जगलाल हरिजन,बबलू कुमार गुप्ता सहित दर्जनों अन्य विद्यालय प्रधान भी उपस्थित थे

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 जून, 2024



# रश्मिका मंदाना की द गर्लफ्रेंड में कैमियो करेगी अनु इमैनुएल



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी आने वाली फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वो इस फिल्म के काम में व्यस्त हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म एक थ्रिलर लव स्टोरी होगी। इसी बीच द गर्लफ्रेंड से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है कि इसमें एक और अभिनेत्री छोटी सी भूमिका में नजर आएंगी।

### द गर्लफ्रेंड में कैमियो करती हुई दिखेंगी अनु इमैनुएल

अभिनेत्री अनु इमैनुएल द गर्लफ्रेंड फिल्म में कैमियो करती हुई दिखाई देंगी। इस बात की जानकारी खुद निर्देशक राहुल रवींद्रन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दी है। इस खबर से अनु के फैंस का उत्साह बढ़ गया है और वे उनके खास रोल को देखने के लिए उतावले हो उठे हैं। दर्शक यह जानने के लिए उत्सुक है कि आखिर उनकी भूमिका किस तरह की होगी।

### नहीं चली थी अनु इमैनुएल की पिछली फिल्म

अनु इमैनुएल की पिछली फिल्म जापान थी, जिसका निर्देशन राजू मुरुगन ने किया था और इसमें कार्थी ने भी मुख्य भूमिका अदा की थी। इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर खराब प्रदर्शन किया था। इससे पहले उन्होंने उर्वसिवो रक्षसिवो फिल्म में काम किया था, जो साल 2022 में रिलीज हुई थी। बता दें कि द गर्लफ्रेंड का निर्माण मास मूवी मेकर्स और धीरज मोगिलिनेनी एंटरटेनमेंट के बैनर तले विद्या कोप्पिनीडी और धीरज मोगिलिनेनी द्वारा किया जा है। फिल्म में हेशम अब्दुल वहाब का संगीत सुनने को मिलेगा।



# ऋचा चड्ढा जल्द करेंगी काम पर वापसी, अक्टूबर में करेंगी कॉमेडी फिल्म की शूटिंग

एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा जल्द ही मां बनने वाली हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान ही एक्ट्रेस ने सीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार के प्रमोशन में हिस्सा लिया था, हालांकि उसके बाद से ही वो मैटरनिटी ब्रेक पर थीं। अब रिपोर्ट्स हैं कि मैटरनिटी ब्रेक खत्म होने के तुरंत बाद ही एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाली हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट में फिल्म के प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्र ने बताया है, ऋचा को फिल्म की स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है और ये एक फन कॉन्सेप्ट है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम अगस्त से शुरू हो जाएगा और फिल्म की शूटिंग अक्टूबर में शुरू की जाएगी। फिल्म को नॉर्थ की सर्दियों में शूट किया जाना है। कुछ समय पहले ही ऋचा चड्ढा ने मैटरनिटी ब्रेक और जल्द-से-जल्द सेट पर वापसी करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था, मैं सबके बारे में तो नहीं कह सकती, क्योंकि हर किसी की जर्नी अलग रही है। मैं जितना जल्दी हो सके उतनी जल्दी काम पर वापसी करने और लंबा ब्रेक न लेने की सोच रखती हूं, क्योंकि मेरी कई पेंडिंग कमिटमेंट्स हैं।

आगे उन्होंने कहा है, मैं अपनी मां से प्रेरणा लेती हूं, जो दोनों रोल को बेहद शालीनता से निभाती हैं। मुझे लगता है मैं भी दोनों ड्यूटी अच्छे से निभा सकती हूं, क्योंकि ये आपके सपोर्ट सिस्टम पर निर्भर करता है कि आपके साथ वाले लोग कैसे हैं और आपका पार्टनर आपको कैसे सपोर्ट करता है। मेरे केस में मैं खुशनसीब हूं कि मैंने दोनों चीजों को हल निकाल लिया है। आगे एक्ट्रेस ने कहा है, मुझे नहीं लगता कि ये ऑर्डिनरी नहीं है। मैंने देखा है कि कैसे मुंबई की बदमाश महिलाएं 9वें महीने की प्रेग्नेंसी में काम पर पहुंचने के लिए लोकल ट्रेन में सफर करती हैं और गजरा लगाकर सजी हुई लगती हैं। मैं भारत की एवरेज महिलाओं से बेहद प्रेरित हूं और मैं नहीं चाहती कि इस चीज को मेडिकल कंडीशन की तरह ट्रीट किया जाए, ये मेडिकल कंडीशन नहीं है, ये जिंदगी का हिस्सा है। बता दें कि ऋचा चड्ढा और अली फजल ने फरवरी में फैंस के साथ गुड न्यूज शेयर की थी।

# बिग बॉस ओटीटी 3 में पौलोमी दास का मंत्र जैसी हूं, वैसी ही रहूंगी

बिग बॉस ओटीटी की शुरुआत हो चुकी है। शो पर कंटेस्टेंट्स के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। शो की कंटेस्टेंट, मॉडल और टीवी एक्ट्रेस पौलोमी दास ने कहा, मैं जैसी हूं, मैं वैसी ही रहूंगी। मैं इस जर्नी में खुद को खोना नहीं चाहती। बिग बॉस के लिए हां कहने के पीछे की वजह के बारे में पौलोमी ने बताया, मैं कुछ महीने पहले तक तैयार नहीं थी, क्योंकि यह एक बहुत ही मुश्किल शो है। ऐसा नहीं है कि आप कुछ टास्क करके निश्चिंत हो जाएंगे। इस शो के लिए आपको मेंटली स्ट्रांग होना होगा। पौलोमी ने कहा, मुझे लगा कि इस शो का हिस्सा बनने का यही सही समय है, क्योंकि मेरी जिंदगी में कुछ ऐसा चल रहा था, कुछ ऐसी चीजें जो गड़बड़ा गईं, लेकिन कहीं न कहीं मेरे साथ जो हुआ वह सही था। इसलिए, मुझे शो के लिए हां कहना पड़ा। मुझे लगता है कि यह शो मुझे एक अलग इंसान बना देगा, और मुझे वह चीज भी देगा जिसकी मुझे तलाश है। मंत्र के बारे में बात करते हुए, पौलोमी ने कहा, मैं जैसी हूं, मैं वैसी ही रहूंगी। मैं इस जर्नी में खुद को खोना नहीं चाहती। शो में मेंटल ब्रेकडाउन को हैंडल करने के बारे में पौलोमी ने कहा, मुझे लगता है कि मैं उस वक्त बस जोर से रो पड़ूंगी। अगर मुझे रोने की जरूरत है, तो मैं रो दूंगी, क्योंकि उसके बाद दिल शांत हो जाता है। अगर आप अपने इमोशन्स को बाहर निकालते हैं, तो आपके दिल के अंदर चीजें सुलझ जाती हैं।



# बॉलीवुड में बिना गिड़गिड़ाए काम नहीं मिलता

‘हंगामा’, ‘धूम’, ‘दीवाने हुए पागल’ और ‘फिर हेरा-फेरी’ जैसी कई हिट फिल्मों में नजर आई एक्ट्रेस रिमी सेन 13 साल से इंडस्ट्री से गायब हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्टेस ने इंडस्ट्री से दूर रहने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि वो लगातार कॉमेडी फिल्में कर के थक गई थी। रिमी ने यह भी कहा कि बॉलीवुड में जब तक गिड़गिड़ाओ नहीं तब तक काम नहीं मिला। रिमी ने कहा, ‘मैं कॉमेडी फिल्में कर-करके थक गई थी। मेरे लिए ज्यादा रोल नहीं हुआ करते थे। इस तरह की फिल्मों में मेरा सिर्फ फर्नीचर का रोल होता था।



### यहां सभी अपना फायदा देखकर मदद करते हैं

कभी सलमान खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन और जॉन अब्राहम जैसे एक्टर्स के साथ काम कर चुकीं रिमी ने बताया कि वो इन एक्टर्स के भी संपर्क में नहीं हैं। उन्होंने कहा, ‘मैं किसी से मदद नहीं मांग सकती। इंडस्ट्री में जब तक गिड़गिड़ाओ नहीं, मदद नहीं मिलती है। दूसरे लोग अपना फायदा क्यों नहीं देखेंगे? कोई किसी की मदद करने के लिए क्यों आगे आएगा?’

### यहां टैलेंट स्टोर रूम में पड़ा रहता है

रिमी सेन ने आगे कहा कि वह खुद की मार्केटिंग करने में बिल्कुल भी अच्छी नहीं थीं। वो बोलीं- ‘इस इंडस्ट्री में कुछ ना कुछ दांव लगाना पड़ता है। टैलेंट बाद में आता है। आपको पहले पता होना चाहिए कि लोगों को कैसे संभालना है? वर्ना आपका टैलेंट पड़ा रहेगा स्टोर रूम में। मेरा भी पड़ा रहा क्योंकि खुद का पीआर करना नहीं आता था।’ रिमी आखिरी बार साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म ‘थैंक्यू’ और नाना पाटेकर स्टारर ‘शार्गिद’ में नजर आई थीं। इसके बाद उन्होंने 2016 में फिल्म ‘बुधिया सिंह’ प्रोड्यूस की पर वो भी नहीं चली।



# कार्ति की आगामी फिल्म सरदार 2 को लेकर आया अपडेट

**कार्तिक शिवकुमार उर्फ कार्ति तमिल सिनेमा के जाने-माने अभिनेता हैं। उन्होंने कई शानदार फिल्में की है, जिसमें से उनकी एक फिल्म कैथी का हिंदी में रीमेक भी बना था। इसके रीमेक को भोला के नाम से बनाया गया था, जिसमें अजय देवगन नजर आए थे।**

कार्थी इन दिनों अपनी एक आगामी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जो उनकी पिछली सफल फिल्म का सीक्वल होने वाली है। इसके लिए अभिनेता एक बार फिर निर्देशक पीएस मिथ्रन के साथ काम करने वाले हैं। दोनों की पिछली फिल्म सरदार बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी।

### सरदार 2 में दोबारा दिखेगा कार्ति का जलवा

साल 2022 में आई फिल्म सरदार एक जासूसी एक्शन-थ्रिलर फिल्म थी। पीएस मिथ्रन निर्देशित इस फिल्म में कार्ति दोहरी भूमिका में नजर आए थे। फिल्म में उनके साथ राशि खन्ना,राजिशा विजयन, चंकी पांडे,लैला, मुनीशकांत आदि कलाकार नजर आए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह फिल्म साल 2022 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्मों में से एक थी। अब इस फिल्म की अगले भाग को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। हाल में ही सरदार 2 को लेकर कुछ नई जानकारियां सामने आई हैं।

### जुलाई से शुरू हो सकती है शूटिंग, मीडिया रिपोर्ट्स का दावा

अभिनेता कार्ति की इस फिल्म को लेकर कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कई बड़े दावे किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म की शूटिंग जुलाई से शुरू होने वाली है, जिसे चेन्नई के एक बड़े सेट पर फिल्माया जाएगा। फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाया जाना है। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग कजाकिस्तान, अजरबैजान और जॉर्जिया में किए जाने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फिल्म में मुख्य खलनायक के रूप में एक प्रमुख अभिनेता नजर आ सकते हैं और फिल्म के एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए अशिका रंगनाथ के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। फिल्म का संगीत युवान शंकर राजा तैयार कर रहे हैं।

### वा वाथियारे में भी आएंगे नजर

बात करें कार्थी के वर्क फ्रंट की तो इस फिल्म के अलावा अभिनेता नलन कुमारसामी के निर्देशन में बन रही फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का नाम वा वाथियारे रखा गया है। फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री कृति शेट्टी भी नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्माण स्टूडियो ग्रीन के बैनर तले के.ई. गनावेल राजा कर रहे हैं। वहीं, फिल्म में संतोष नारायण ने संगीत की जिम्मेदारी संभाली है। गौरतलब है कि हाल में ही फिल्म का पहला लुक सामने आया था, जिसमें कार्ति काफी स्टाइलिश अंदाज में नजर आए थे।



# हॉरर-कॉमेडी में रश्मिका के साथ रोमांस का तड़का लगाएंगे आयुष्मान!

हॉरर कॉमेडी फिल्म को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिलता है। हाल ही में आई मुंजा की अपार सफलता के बाद लोगों को हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 को बेसब्री से इंतजार है। इसी बीच आदित्य सतपोदार और दिनेश विजान एक और अनोखी हॉरर कॉमेडी बनाने के लिए उत्सुक हैं। वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर टाइटल वाली इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी देखने को मिलेगी। यह फिल्म भी दिनेश विजान की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स से जुड़ी होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिनेश विजान और आदित्य सतपोदार ने अपनी नई हॉरर कॉमेडी फिल्म वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर के लिए आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना को मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना है। आयुष्मान पहले भी दिनेश विजान के साथ फिल्म बाला में काम कर चुके हैं। इन दोनों के बीच बेहतरीन क्रिएटिव बॉन्ड है। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि आयुष्मान खुराना और दिनेश विजान पिछले कुछ समय से वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर पर चर्चा कर रहे हैं और इस साल के अंत तक फिल्म को फ्लोर पर लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म इस साल नवंबर से शुरू होगी। इसके साथ ही कहा जा रहा है कि फिल्म में आयुष्मान और रश्मिका का किरदार बहुत ही अनोखा होगा। वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर जल्द ही प्री-प्रोडक्शन चरण में पहुंच जाएगी। आयुष्मान इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले करण जौहर की अनटाइटल्ड स्पाई-थ्रिलर फिल्म की शूटिंग पूरी करेंगे और अनुराग सिंह निर्देशित बॉर्डर 2 की भी शूटिंग करेंगे। वहीं, रश्मिका भी अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 की शूटिंग में बिजी हैं। इसके बाद वह सलमान खान के साथ फिल्म सिकंदर की शूटिंग पूरी करेंगी।



# राजनीति के लिए फिल्मों से ब्रेक नहीं लेंगी कंगना रनोट

एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनोट ने लोकसभा सदस्य के तौर पर शपथ ले ही है। पुराने इंटरव्यू में कंगना ने कहा था कि अगर वो चुनाव जीतती हैं, तो फिल्म इंडस्ट्री छोड़ देंगी, हालांकि वह आगे फिल्मी पारी भी जारी रखेंगी। उनके करीबियों ने इस पर कन्फर्मेशन दे दी है। उन्होंने कंगना की अपकमिंग रिलीज ‘इमरजेंसी’ से जुड़ी अहम जानकारी दी है। फिल्म तो ‘चंदू चैंपियन’ के साथ ही रिलीज होनी थी पर चुनावी व्यस्तताओं के चलते उस डेट पर फिल्म नहीं आ सकी। हालांकि फिल्म को जल्द ही रिलीज करने की तैयारियां चल रही हैं।



### राजनीतिक और फिल्मी करियर में बैठाएंगी तालमेल

कंगना से जुड़े करीबी सूत्रों ने कहा, ‘एक बार संसद सत्र खत्म हो जाए तो फिल्म रिलीज पर तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी। कोशिश तो फिल्म को 25 जून को ही रिलीज करने की थी, क्योंकि उसी डेट को 1975 में इमरजेंसी लगाई गई थी। हालांकि वह डेट भी टल गई। अब ये 6 सितंबर को रिलीज होगी। कंगना राजनीति के मैदान में अपनी पहली पारी के साथ ही फिल्मी जर्नी को भी जारी रखेंगी। अगली फिल्म पर तो बहुत जल्द अनाउंसमेंट आ सकती है।




## संक्षिप्त समाचार

### एसबीआई ने बॉन्ड के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपए जुटाए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को अपने पांचवें बुनियादी ढांचा बॉन्ड के जरिए 10,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता ने यह राशि 7.36 प्रतिशत की कूपन दर पर जुटाई है। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस निर्गम को निवेशकों




से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और 19,884 करोड़ रुपए से अधिक की बोलियां प्राप्त हुई। इसे 5,000 करोड़ रुपए के आधार निर्गम आकार के मुकाबले लगभग चार गुना अधिक अभिदान मिला।

बैंक ने कहा कि उसे कुल 143 बोलियां मिलीं, जो बोलियों की विविधता के साथ व्यापक भागीदारी का संकेत देता है। निवेशक भविष्य निधि, पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स आदि से थे। बैंक ने कहा कि बॉन्ड के माध्यम से मिलने वाली राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। एसबीआई ने कहा, प्रतिक्रिया के आधार पर बैंक ने सालाना देय 7.36 प्रतिशत की कूपन दर पर 10,000 करोड़ रुपए स्वीकार करने का फैसला किया है।

### डॉलर की मजबूती के कारण येन 38 साल के निचले स्तर पर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एशिया के बाजार आज गिरावट के साथ खुले हैं। येन करीब 4 दशक के निचले स्तर पर फिसल चुका है। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.93 प्रतिशत गिरकर खुला। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स में भी 1 प्रतिशत की कमजोरी दिख रही है। हैंग सैंग से भी कमजोरी कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले येन 160.82 के स्तर पर फिसल चुका है, जो 1986 के बाद सबसे कमजोर है। येन डॉलर के मुकाबले 38 साल के निचले स्तर पर है। येन में महीने भर में लगभग 2 प्रतिशत और वर्ष के लिए 12 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसका मुख्य कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान के बीच महत्वपूर्ण ब्याज दर अंतर है।

### बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन दोगुनी करने या कर छूट की सीमा बढ़ाकर 3.5 लाख रुपए करने पर हो विचार: ईवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार को आगामी बजट में नई रियायती कर व्यवस्था के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन को दोगुना करके एक लाख रुपए करना चाहिए या मूल कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 3.5 लाख रुपए करना चाहिए। कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने यह राय जताई है। आगामी बजट में कराधान सुधारों की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए ईवाई ने कहा है कि सरकार को कर ढांचे को सुव्यवस्थित करने, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ढांचे को बेहतर बनाने और निवेश तथा वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देनी चाहिए। ईवाई ने सुझाव दिया कि कॉरपोरेट कर की दरों में स्थिरता रखी जाए, टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए, तथा विवाद समाधान को सुव्यवस्थित किया जाए।

# औंधे मुंह गिर गए सोने के भाव, चांदी भी हुई सस्ती

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमतों में पहले तेजी आई थी। कुछ दिन पहले सोने के भाव 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर निकल गए थे। अब इसमें दोबारा गिरावट आई है। चांदी के भी भाव कम हो रहे हैं।

**क्या हैं गोल्ड के भाव –** एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज यानी गुरुवार को 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना करीब 130 रुपये की गिरावट के साथ 70,959 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया है। सोने में सुबह से ही गिरावट देखी जा रही है। सोना आज सुबह गिरावट के साथ खुला है। वहीं 5 अक्टूबर 2024 की डिलीवरी वाला सोना 169 रुपये सस्ता होकर 71,251 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

**क्या है चांदी की कीमत–** एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज यानी गुरुवार को 5 जुलाई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 340 रुपये गिरकर 86,625 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 सितंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 385 रुपये लुढ़कर 88,750 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है।

**सोने के वैश्विक भाव –** सोने की वैश्विक कीमतों में भी आज गिरावट देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.09 फीसदी या 2.00 डॉलर की



गिरावट के साथ 2,311.20 डॉलर प्रति औंस पर हैं। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव 2,300.54 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच चुके हैं।

**चांदी की वैश्विक कीमत –** चांदी के वैश्विक भाव में आज गिरावट आई है। कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 0.57 फीसदी या 0.17 डॉलर की गिरावट के साथ 29.09 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए हैं। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 28.79 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है।

**बीते दिनों बढ़े थे भाव–** सोने की कीमतों में पिछले दिनों लगातार तेजी देखने को मिली थी। हालांकि चांदी के भाव कम हुए थे। आज भी चांदी गिरावट के साथ ट्रेड कर रही है। इस सप्ताह की शुरुआत से ही सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है।

### बजट के बाद सस्ता हो सकता है सोना

**मुंबई।** बजट में गोल्ड-सिल्वर पर इंपोर्ट ड्यूटी में 5 पर्सेंट तक की कटौती देखने को मिल सकती है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और फाइनेंस मिनिस्ट्री से जुड़े सूत्रों के अनुसार सरकार इंपोर्ट ड्यूटी को 15 पर्सेंट से नीचे लाने पर गंभीरता से विचार कर रही है, जिससे ड्यूटी बढ़ाए जाने के बाद गोल्ड की बढ़ रही तस्करी पर नकेल लग सके। अगर गोल्ड-सिल्वर पर मौजूदा 15 पर्सेंट ड्यूटी को 5 पर्सेंट कम कर 10 पर्सेंट तक लाया जाता है, तो गोल्ड-सिल्वर की कीमतों में कमी आएगी।

सूत्रों के अनुसार इस बात पर भी चर्चा है कि पुराने गोल्ड को बेचते वक्त कस्टमर को जीएसटी में कुछ इंसेंटिव मिले, जिससे इंपोर्ट में कमी आए और सरकार के घाटे पर दबाव कम हो। इंडस्ट्री के अनुसार इस कदम से गोल्ड में करीब 3000 रुपये और सिल्वर में 3800 रुपये तक की कमी दिखाई आ सकती है। इंडिया बुलियन एंड जूलर्स असोसिएशन के नेशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता के अनुसार ड्यूटी कम होने से गोल्ड और सिल्वर सस्ते होंगे।

ऑल इंडिया जूलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के महासचिव नितिन केडिया ने कहा कि इस कदम से तस्करी पर लगाम लगेगी। अगर सरकार जीएसटी को ही 18 पर्सेंट कर दे और कस्टम ड्यूटी जीरो तो स्मगलिंग पूरी तरह रुक सकती है। अगर पुराने गोल्ड को देते वक्त 3 पर्सेंट जीएसटी हटा दिया जाए तो यह इंसेंटिव बहुत बड़ा होगा, जो गोल्ड इंपोर्ट को भी कम कर देगा। हालांकि ॥छ्रस्न्रष्ट सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता का मानना है कि ड्यूटी कम करने से दाम ज्यादा कम नहीं होंगे। सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने के चलते सोने की तस्करी के मामलों में तेजी देखने को मिली है। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,658 किलोग्राम सोना जब्त किया था। यह एक साल पहले की तुलना में करीब 35 फीसदी ज्यादा है। ऐसे में तस्करी के मामलों में आई तेजी को रोकना सरकार के लिए भी बेहद जरूरी है।

केंद्र सरकार ने जारी किया बयान

# बायजूस को अभी नहीं मिली क्लीन चिट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने एडटेक कंपनी बायजूस के खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही पर एक अपडेट जारी किया है। मंत्रालय ने बुधवार को यह स्पष्ट किया कि कंपनी के खिलाफ कार्यवाही अभी भी जारी है और इस स्तर पर मामले में अभी तक अंतिम परिणाम नहीं निकाला गया है।

यह बयान मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आया, जिसमें कहा गया था कि मंत्रालय की एक साल लंबी जांच में बायजूस में फंड डायवर्जन या वित्तीय हेरफेर जैसे वित्तीय धोखाधड़ी के कोई सबूत नहीं मिले। मंत्रालय ने कहा कि बायजूस को वित्तीय धोखाधड़ी मामले में अभी राहत नहीं मिली है। साथ ही जानकारी दी कि जांच अभी भी जारी है और इस मामले पर किसी भी प्रकार का अंतिम बयान देना जल्दबाजी होगी।

एमसीए की जांच जारी

एमसीए ने अपने बयान में कहा, एमसीए ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ऐसी रिपोर्ट्स तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एमसीए द्वारा शुरू की गई कार्यवाही अभी भी जारी है और इस मामले में अभी कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला जाना चाहिए।

बायजूस, जो कभी एक प्रसिद्ध एडटेक स्टार्टअप था, ने बहुत तेजी से अपना विस्तार किया लेकिन फिर कई चुनौतियों का सामना किया। महामारी के बाद छात्रों के फिजिकल क्लासरूम में लौटने और आकाश के अधिग्रहण ने बायजूस की




वित्तीय स्थिति को प्रभावित किया। पिछले साल के दौरान, कंपनी को और भी झटके लगे। एक तो कंपनी के ऑडिटर ने इस्तीफा दे दिया, लेनदारों ने एक होल्डिंग कंपनी के खिलाफ दिवालियापन की कार्यवाही शुरू की और एक अमेरिकी मुकदमे में ऋण की शर्तों और पुनर्भुगतान स्थितियों को चुनौती दी गई। बता दें कि अब बायजूस पर भारत और विदेश में कई दिवालिया मामले चल रहे हैं।

मंगलवार (25 जून) को प्रोसस नाम की कंपनी ने कहा कि उसने बायजूस में अपने 9.6 प्रतिशत हिस्से की कीमत शून्य कर दी है। उनका कहना है कि निवेशकों के लिए बायजूस की कीमत बहुत कम हो गई है। इससे पता चलता है कि बायजूस की आर्थिक हालत बहुत खराब है। अब बहुत से निवेशक बायजूस की कीमत लगभग शून्य मान रहे हैं।

प्रोसस ने बायजूस में करीब 500 मिलियन डॉलर लगाए थे। यह भारतीय स्टार्टअप में उनका एक बड़ा निवेश था। प्रोसस ने स्विगी, मीशो और एरुडिटस जैसी दूसरी भारतीय कंपनियों में भी पैसा लगाया है।

पिछले कुछ सालों में, प्रोसस जैसी कंपनियों ने बायजूस की कीमत कम कर दी है। हाल ही में, बायजूस ने 200 मिलियन डॉलर के लिए अपने शेयर बेचे। इसमें कंपनी की कीमत सिर्फ 225 मिलियन डॉलर आंकी गई। यह उसकी सबसे ऊंची कीमत 22 अरब डॉलर से 99 प्रतिशत कम है। फोर्ब्स की 2024 की अरबपतियों की लिस्ट के अनुसार, संस्थापक बायजूस रवींद्रन की संपत्ति अब शून्य हो गई है।

### मंत्रालय ने दिया था बायजूस की पुस्तकों की जांच का आदेश

पिछले साल, मंत्रालय ने एडटेक कंपनी बायजूस में हुई कुछ घटनाओं को देखते हुए उसकी पुस्तकों की जांच का आदेश दिया था। इनमें वित्तीय बयानों को समय पर तैयार न कर पाना और एक ऑडिटर का इस्तीफा शामिल था।

## पहले ही दिन निवेशक गदगद, 71 प्रतिशत प्रीमियम पर लिस्ट हुआ आईपीओ, 250 पर आया भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विनी इमिग्रेशन एंड एजुकेशन सर्विसेज के शेयरों की गुरुवार को दलाल स्ट्रीट पर मजबूत शुरुआत हुई है। एनएसई एसएमई पर विनी इमिग्रेशन के शेयरों को 240 प्रति शेयर पर लिस्ट किया गया था, जो आईपीओ प्राइस 140 प्रति शेयर से 71.4 प्रतिशत अधिक रहा। हालांकि, लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर 250 रुपये के हाई पर पहुंच गए थे।



**क्या है डिटेल –** विनी इमिग्रेशन एंड एजुकेशन सर्विसेज का आईपीओ 20 जून को शुरू आया था और 24 जून को बंद हुआ। विनी इमिग्रेशन आईपीओ आवंटन को 25 जून को अंतिम रूप दिया गया था और शेयर 27 जून को एनएसई एसएमई पर लिस्ट हुए थे। इस फंड का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट गतिविधियों के साथ-साथ बाजार की दृश्यता और ग्राहक पहुंच को बढ़ाने के लिए ब्रांडिंग और विज्ञापन प्रयासों के लिए भी किया जाएगा। इंटरएक्टिव फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड विनी इमिग्रेशन आईपीओ का बुक रनिंग लीड मैनेजर है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड आईपीओ रजिस्ट्रार है। विनी इमिग्रेशन एंड एजुकेशन सर्विसेज के आईपीओ को निवेशकों द्वारा जबरदस्त रिस्पान्स मिला। इश्यू को तीन दिन में करीबन 154.67 गुना सब्सक्राइब किया गया था। आईपीओ ने प्रस्ताव पर 6.18 लाख शेयरों के मुकाबले 1,338.16 करोड़ मूल्य के 9.55 करोड़ इक्विटी शेयरों के लिए बोलियां मिलीं।

## देश की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी की डील से शेयरों में उड़ान, खरीदारों में मची लूट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट के बोर्ड ने इंडिया सीमेंट्स में लगभग 23 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। इसके बाद सीमेंट कंपनियों के शेयर उड़ान भर रहे हैं। शुरुआती कारोबार में ही इंडिया सीमेंट में 11 फीसद से अधिक की उछाल है। जेके लक्ष्मी सीमेंट में करीब 7 फीसद की तेजी है और प्रिज्म सीमेंट 5 फीसद से अधिक की बढ़त दर्ज कर चुका है। अल्ट्राटेक सीमेंट भी 5 फीसद से अधिक उछल चुका है। श्रीसीमेंट भी हरे निशान पर ट्रेड कर रहा है।

मनीकंट्रोल की खबरों के मुताबिक अल्ट्राटेक 267 प्रति शेयर की औसत कीमत पर 7.06 करोड़ शेयर के डील की है। इस हिस्सेदारी को हासिल करने की कुल लागत 1,885 करोड़ है। इस खबर की पुष्टि सीएनबीसी-टीवी 18 ने की है। इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड ने प्री-मार्केट ब्लॉक विंडो



में एक बड़ा ट्रेड देखा। इस बड़े लेन-देन में 6 करोड़ शेयर या कुल इक्विटी का 19.4 प्रतिशत हिस्सा है।

## न सुंदर पिचाई न सत्य नडेला, सबसे अधिक सैलरी पाने वाले भारतीय मूल के हैं सीईओ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में सबसे अधिक सैलरी पाने वाले भारतीय मूल के सीईओ के नाम पूछने पर अगर आप आज सुंदर पिचाई या सत्य नडेला को बताते हैं तो, आप गलत होंगे। क्योंकि, पालो ऑल्टो नेटवर्क्स के सीईओ निकेश अरोड़ा अमेरिका में सबसे अधिक कमाई करने वाले सीईओ की लिस्ट में हैं। हैरत की बात यह है कि अमेरिका के टॉप-10 सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ की लिस्ट में केवल एक ही भारतीय मूल के सीईओ ने जगह बनाई है। सी-सूट कॉम्प की एक रिपोर्ट के अनुसार पालो ऑल्टो नेटवर्क्स के सीईओ और चेयरमैन निकेश अरोड़ा, यूएसए में सबसे अधिक कमाई करने वाले सीईओ की लिस्ट में 10वें स्थान पर हैं। डेटा



एनालिटिक्स फर्म सी-सूट कॉम्प ने अमेरिका में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ की अपनी लेटेस्ट लिस्ट जारी कर दी है।

**दो सूचियां दो मानदंडों के आधार पर–** सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले सीईओ की दो सूचियां दो मानदंडों के आधार पर जारी की गईं। जैसे 2023 में टोटल कंपनसेशन ग्रांटेड और वास्तव में दिया गया कंपनसेशन। गूगल के भारतीय-अमेरिकी सीईओ सुंदर पिचाई किसी भी सूची में जगह नहीं बना पाए और न ही माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला। दूसरी ओर पालो ऑल्टो नेटवर्क्स के 56 साल के निकेश अरोड़ा दोनों सूचियों में जगह बनाने में सफल रहे।

## हायर इंडिया ने पेश किया किनौची डार्क एडिशन एयर कंडीशनर, डिजाइन और इनोवेशन का परफेक्ट मिश्रण

### यह लॉन्च इनोवेशन और डिज़ाइन के बेहतरीन संयोजन की पेशकश करके भारतीय घरों में बेहतरीन आराम लाने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता का प्रमाण है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लगातार 15 वर्षों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपना नया किनौची डार्क एडिशन एयर कंडीशनर लॉन्च किया है, जो इनोवेशन और प्रीमियम खूबसूरती का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किए गए नए एयर कंडीशनर में 10 सेकंड में सुपरसोनिक कूलिंग, फॉस्ट सेल्फ-क्लीन टेक्नोलॉजी, हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी,




मौजूद हैं। 1.6 टन और 1.0 टन के साथ यह सभी रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होगा।

भारतीय उपभोक्ताओं के लिए इनोवेटिव उत्पाद बनाने के लिए जैसी मांगों को पूरा करने के लिए विकसित हुआ है। कस्टमर-ड्रिवन इनोवेशन को ध्यान में रखते हुए, ब्रांड नए लॉन्च के साथ उपभोक्ताओं के लिए एक

## एचडीएफसी बैंक ने एमएसएमई को विशेष ज्ञान सत्रों के साथ सशक्त बनाया

**मुंबई, एजेंसी।** विश्व एमएसएमई दिवस से पहले आज भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों में व्यवसायों को प्रोत्साहन दिया जा सके। अभियान का उद्देश्य विभिन्न बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं, एमएसएमई के लिए सरकारी नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना और उन्हें अपने व्यापारिक व्यवहार में डिजिटलीकरण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। अभियान के हिस्से के रूप में, बैंक कार्यशील पूंजी ऋण, व्यवसाय ऋण, व्यवसाय कार्ड, व्यापार सेवाओं और दुकानदार ओवरड्राफ्ट पर कई तरह के ऑफर प्रदान करेगा। बैंक एचडीएफसी स्काई, एचडीएफसी एर्गो, निवा बूपा जनरल इंश्योरेंस, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस और आदित्य बिरला जनरल इंश्योरेंस सहित अन्य के साथ साझेदारी में वर्चुअल और ऑन-द-ग्राउंड नॉलेज सेशन भी चलाएगा। व्यवसायों के डिजिटल परिवर्तन पर आधारित ये सत्र निम्नलिखित 15 शहरों इंदौर, सूरत, रुड़की, नासिक, लुधियाना, रायपुर, देहरादून, कोयंबटूर, वाराणसी, विजाग, पटना, नागपुर, कानपुर, हुबली और गुवाहाटी में होंगे जहां 1,000 से अधिक छोटे और मध्यम व्यवसायों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर, बैंक ने एमएसएमई को अपने बैंकिंग पार्टनर के रूप में एचडीएफसी बैंक पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद देते हुए एक विशेष फिल्म जारी की है। एचडीएफसी बैंक के समूह प्रमुख - वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग राहुल श्याम शुक्ला ने

## गुनेबो ने मध्यप्रदेश ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में अपने नवीनतम सेफ स्टोरेज सॉल्यूशंस प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी की

**भोपाल।** फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध गुनेबो ने हाल ही में भोपाल में आयोजित ज्वैलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से गुनेबो सेफ स्टोरेज को अपने नवीनतम सेफ स्टोरेज सॉल्यूशंस प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित करने का मौका मिला विशेष तौर पर जो ज्वैलर्स समुदाय के लिए बनाए गए हैं। गुनेबो भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के अनुसार तिजोरियाँ, स्ट्रांग रूम डोर्स, वोल्टस, फायर कैबिनेट्स और




ने सेफ स्टोरेज सॉल्यूशंस की अपनी नवीनतम श्रृंखला को प्रदर्शित किया, जिसे ज्वैलरी और अन्य कीमती चीजों की सुरक्षा के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन

गया जैसे कि मजबूत सुरक्षा, उद्योग मानकों का पालनऔर नई तकनीकों का उपयोग जैसे लाभ शामिल थे। गुनेबो की सेफ स्टोरेज टीम के प्रमुख सदस्य इस

# अफगानिस्तान को हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा दक्षिण अफ्रीका

**टरूबा (एजेंसी)।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन और उसके बाद रीजा हेंड्रिक्स नाबाद (29) तथा कप्तान एडन मारक्रम नाबाद (23) रनों की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका टी-20 विश्वकप के पहले सेमीफाइनल में मुकाबले में अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराकर पहली बार फाइनल में पहुंच गई है। त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसका कोई भी बल्लेबाजी दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। केवल अजमतउल्लाह उमरजई ने सर्वाधिक (10) रन बनाए। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका।

दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने अफगानिस्तान की पूरी टीम को 11.5 ओवर में 56 रन पर समेट दिया। यह टी-20 विश्वकप सेमीफाइनल मैच में ऑल आउट होने का किसी टीम का सबसे न्यूनतम स्कोर है। दक्षिण अफ्रीका की ओर से माकर यानसन और तबरेज शम्सी ने तीन-तीन विकेट लिए। कगिसो रबाडा और एनरिक नॉटर्जे ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। मामूली 57 रनों के लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में एक विकेट पर 60 रन बनाकर 9 विकेट से



जीत लिया। इसी के साथ ही दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका फजलहक फारुकी ने क्विंटन डिकॉक को बोल्ड कर दिया। क्विंटन डिकॉक (5) रन बनाए। रीजा हेंड्रिक्स ने 25 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद (29) तथा कप्तान एडन मारक्रम ने 21 गेदों में चार चौकों की मदद से नाबाद (23) रनों की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर फजलहक फारूकी को एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका फाइनल में भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

# भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है : राष्ट्रपति मुर्मु



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को कहा कि युवाओं को खेलों में भी आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे और भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रपति ने आज संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉर्ड संख्या में मेडल्स जीत रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद पेरिस ओलंपिक भी शुरू होने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, 'ओलंपिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी पर हमें गर्व है। मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं। इन उपलब्धियों को और आगे ले जाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### लुइस किम्बर ने रॉबिन्सन को एक ओवर में रिकॉर्ड 43 रन ठोके



**चेम्सफोर्ड, एजेंसी।** लीसेस्टरशायर के लुइस किम्बर ने बुधवार को काउंटी चैंपियनशिप मैच में ससेक्स के ओली रॉबिन्सन के ओवर में 43 रन ठोककर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन बनाकर क्रिकेट इतिहास रच दिया। डिवीजन टू काउंटी चैम्पियनशिप मैच के चौथे और अंतिम दिन, ससेक्स के रॉबिन्सन ने किम्बर को काउंटी चैम्पियनशिप के इतिहास का सबसे महंगा ओवर दिया। इस ओवर में किम्बर ने 43 रन बनाए, जो इंग्लिश प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन बनाने का नया रिकॉर्ड है। रॉबिन्सन ने वास्तव में नौ गेंदें फेंकी, जिनमें से तीन नो-बॉल थीं। ऐसा माना जाता है कि किम्बर की उपलब्धि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में बनाए गए सबसे अधिक रन हैं। यह 38 रनों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देता है, जो 1998 में एलेक्स ट्यूडर और एंड्रयू फ्लिंटॉफ द्वारा संयुक्त रूप से और इस सप्ताह के शुरू में शोएब बशीर की गेंद पर डैन लॉरेंस द्वारा बनाया गया था। लंच के समय तक किम्बर की आश्चर्यजनक पारी केवल 95 गेंदों पर 192 रन तक पहुंच गई, जो बेन कॉक्स के साथ आठवें विकेट के लिए 200 रनों की साझेदारी का हिस्सा थी। लीसेस्टरशायर सुबह के सत्र में 29 ओवरों में 236 रन बनाने में सफल रहा। किम्बर 127 गेंदों में 20 चौकों और 21 छक्कों की मदद से 243 रन बनाकर आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए और ससेक्स ने यह मैच 18 रन से जीत लिया।

### राशिद के बल्ला पटकने पर आईसीसी ने तरेरी भौहें, लिया यह एक्शन



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान अपने साथी करीब जनत के रन लेने से मना करने के बाद हताशा में बल्ला जमीन पर फेंकने के लिए आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के अंतिम ओवर में घटी, जब जनत के दूसरा रन लेने से मना करने के बाद राशिद अपना आपा खो बैठे।

आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा कि राशिद को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने से संबंधित है। इसमें कहा गया कि इसके अलावा राशिद के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, यह 24 महीने में उनका पहला अपराध था। राशिद ने आईसीसी मैच रैफरी के एमिरेट्स पैनल के रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित प्रतिबंध स्वीकार लिया है। बता दें कि राशिद इस टी20 विश्व कप में अपनी टीम को सेमीफाइनल तक ले गए हैं। यह देखकर अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान अगसर अफगान ने उनकी खूब तारीफ की। अगसर ने कहा कि मुझे लगता है कि राशिद टूर्नामेंट का सबसे कुशल कप्तान है। वह प्रेरणादायी कप्तान है। वह गेंदबाजी में मैच विजेता है जो बल्लेबाजी में भी अपनी छाप छोड़ता है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सक्षम है। यही वजह है कि अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहा।

# टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंच तो गए हैं अब क्या होगा?

## 11 मौकों पर साउथ अफ्रीका की किस्मत ने दिया धोखा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** विश्व कप नॉकआउट में दक्षिण अफ्रीका का दिल बार बार टूटता आया है। उसकी दास्तां शेक्सपियर की किसी 'ट्रेजेडी' की तरह ही रही जिसमें सुखांत का बस इंतजार ही रहता था। आलम यह था कि दक्षिण अफ्रीका को दबाव के आगे घुटने टेकने वाले 'चोकर्स' कहा जाने लगा लेकिन एक मैच ने दास्तां बदल दी, वक्त बदल दिया और जज्बात बदल दिए। अफगानिस्तान को तारोबा में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में नौ विकेट से हराकर पहली बार दक्षिण अफ्रीका टीम फाइनल में पहुंची तो न जाने कितने सालों के जख्मों पर मरहम लग गया। दक्षिण अफ्रीका के आईसीसी टूर्नामेंटों में निराशाजनक अतीत की बानगी इस प्रकार है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1992 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल~ दबाव के आगे घुटने नहीं टेके लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया। रंगभेद के कारण बाईस साल का निष्कासन झेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी दक्षिण अफ्रीका के पास बेहतरीन तेज गेंदबाज और चुस्त फील्डर थे। लेकिन सेमीफाइनल में बारिश आई और उसे सात गेंद से 22 रन की बजाय अब एक गेंद में 22 रन बनाने का संशोधित लक्ष्य मिला।

**वेस्टइंडीज के खिलाफ 1996 विश्व कप क्वार्टर फाइनल –** सभी ग्रुप मैच जीतने के बाद हैंसी क्रोन्ए की टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा था लेकिन ब्रायन लारा की जबर्दस्त बल्लेबाजी के बाद रोजर हार्पर और जिम्मी एडम्स की फिरकी के जाल में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फंसते चले गए और 19 रन से हार गए।



**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1999 विश्व कप सेमीफाइनल –** दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट इतिहास का सबसे निराशाजनक मैच। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे लांस क्लूसनर को जिसने 'ट्रेजेडी किंग' बना दिया। जीत के लिए 214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में नौ रन बनाने थे। आखिरी जोड़ी क्रीज पर थी। क्लूसनर ने पहली दो गेंद पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर एलेन डोनाल्ड रन आउट हो गए और मैच टाई हो गया। सुपर सिक्स चरण में जीत दर्ज करने के कारण ऑस्ट्रेलिया फाइनल में पहुंचा।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2007 विश्व कप सेमीफाइनल –** पहले बल्लेबाजी का दक्षिण अफ्रीका का फैसला गलत साबित हुआ। ग्रीम स्मिथ, हर्शल गिब्स , जाक कैलिस, एबी डिविलियर्स और मार्क बाउचर जैसे धुरंधर 149 के स्कोर पर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर बाकी रहते मैच जीता।

**पाकिस्तान के खिलाफ 2009 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल –** दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, भारत को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। लेकिन शाहिद अफरीदी की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने टीम 150 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर सकी।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ 2011 वनडे विश्व कप क्वार्टर फाइनल –** एबी डिविलियर्स, फाफ डु प्लेसी, ग्रीम स्मिथ, जाक कैलिस और जेपी डुमिनी जैसे दिग्गज न्यूजीलैंड के खिलाफ 222 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए। एक समय 25 ओवर में आठ विकेट पर 108 रन बनाने के बाद अगले सात विकेट 64 रन पर गंवा दिए।

**इंग्लैंड के खिलाफ 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल –** दक्षिण अफ्रीका का स्कोर आठ विकेट पर 80 रन था जिसके बाद डेविड मिलर और रोरी क्लेनवेल्ट ने इसे 175 रन तक पहुंचाया। जोनाथन ट्रॉट के नाबाद 82 रन की मदद से इंग्लैंड ने 12 ओवर और सात विकेट बाकी रहते जीत दर्ज की।

**भारत के खिलाफ 2014 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल –** भारतीय टीम ने एक ईकाई के रूप में शानदार प्रदर्शन करके दक्षिण अफ्रीका को हराया।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ 2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल –** दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटरों की सुनहरी पीढी। हर विभाग में उत्तम लेकिन फिर सेमीफाइनल हारे। न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में हराकर फिर दक्षिण अफ्रीका का दिल तोड़ा।

**नीदरलैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सुपर 12 –** सेमीफाइनल से एक जीत दूर दक्षिण अफ्रीकी टीम को नीदरलैंड ने 13 रन से हराकर उलटफेर कर दिया था।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल –** लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतिम चार के अहम मुकाबले में एक बार फिर 'चोकर ' साबित हुई दक्षिण अफ्रीका टीम।

# इस तरह की पिच पर कोई भी विश्व कप सेमीफाइनल नहीं खेलना चाहेगा: अफगानिस्तान कोच

**तारोबा (त्रिनिदाद) (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के बड़े मुकाबले के लिए यह उपयुक्त नहीं थी। इस पिच से तेज गेंदबाजों को मूवमेंट मिल रहा था और इसमें अनिश्चित उछाल दी थी। अफगानिस्तान की टीम इस पिच पर केवल 56 रन बनाकर आउट हो गई जो टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूनतम स्कोर है। दक्षिण अफ्रीका ने भले ही लक्ष्य 8.5 ओवर में हासिल कर दिया लेकिन उसके बल्लेबाजों को भी संघर्ष करना पड़ा।



ट्रॉट ने मैच के बाद कहा, 'मैं खुद को परेशानी में नहीं डालना चाहता और मैं अंगूर खट्टे हैं जैसा मामला भी नहीं बनना चाहता लेकिन यह उस तरह की पिच नहीं थी जिस पर कोई विश्व कप का सेमीफाइनल खेलना चाहेगा। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि इस पिच ने बल्लेबाजी को पूरी तरह से खेल से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा, 'मुकाबला बराबरी का होना चाहिए। मैं ऐसा नहीं कह रहा हूं कि यह सपाट होनी चाहिए जिसमें स्पिन या सीम मूवमेंट न हो। मेरे कहने का मतलब है कि आपको बल्लेबाजों की भी चिंता होनी चाहिए। बल्लेबाजों को अपने पांव के मूवमेंट पर विश्वास होना चाहिए और उन्हें अपने कौशल का उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए।

ट्रॉट ने कहा, 'टी20 का खेल आक्रामकता तथा रन बनाने और विकेट लेने से जुड़ा है। यह प्रारूप क्रीज पर टिके रहने के लिए नहीं बना है। तारोबा में विश्व कप के पांच मैच खेले गए जिनमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम केवल एक बार 100 रन के पार पहुंची। मेजबान वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 149 रन बनाए और उसका सफलतापूर्वक बचाव भी किया। अफगानिस्तान का अपना पहला विश्व कप सेमीफाइनल खेलने से पहले काफी व्यस्त कार्यक्रम था और ट्रॉट ने कहा कि उनके खिलाड़ी थके हुए थे।

उन्होंने कहा, 'हम पिछले मैच के बाद तीन बजे होटल पहुंच पाए थे और इसके 5 घंटे बाद हमें निकलना पड़ा। इस तरह से हमें सोने का बहुत अधिक वक्त नहीं मिला और खिलाड़ी वास्तव में थके हुए थे। ट्रॉट ने कहा, 'लेकिन हम अपने कार्यक्रम से अवगत थे और यह कोई बहाना नहीं है। जब आप विश्व कप या किसी टूर्नामेंट में खेलते हैं तो सभी चीजें आपके अनुरूप नहीं होती हैं और आपको इन मुश्किलों का सामना करते हुए आगे बढ़ना होता है।

# टी20 वर्ल्ड कप के पहले राउंड से बाहर होते ही श्रीलंका क्रिकेट में बवाल, दो बड़े नामों ने दिया इस्तीफे



**कोलंबो(एजेंसी)।** श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। वानिंदु हसरंगा की कप्तानी वाली श्रीलंकाई टीम टी20 वर्ल्ड कप के पहले ही राउंड से बाहर हो गई थी। उसे बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका से हार मिली। नेपाल और श्रीलंका का मैच बारिश में धुल गया था।

**सिल्वरवुड ने क्या बताई वजह –** इंग्लैंड के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेल चुके क्रिस सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिये फख्र की बात रही है। मैं काफी अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं।'

**श्रीलंका ने जीता था एशिया कप –** अप्रैल 2022 में क्रिस सिल्वरवुड श्रीलंका क्रिकेट टीम के हेड कोच बने थे। उससे कुछ महीने पहले ही उनकी कोचिंग में इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में 4-0 की बार मिली थी। वह कोच के रूप में इंग्लैंड के लिए उनकी आखिरी सीरीज थी। सिल्वरवुड ने अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही सफलता हासिल की, क्योंकि श्रीलंका ने 2022 में एशिया कप जीता। उन्होंने देश के आर्थिक संकट के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रीलंका को वनडे सीरीज में जीत दिलाई।

**चैंपियंस ट्रॉफी में भी जगह नहीं –** क्रिस सिल्वरवुड और श्रीलंका के लिए पिछला करीब एक साल बेहद खराब रहा है। उनकी कोचिंग में श्रीलंकाई टीम वर्ल्ड कप 2023 में 9वें स्थान पर रही। इसकी वजह से वह अगले साल पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर पाई। वर्ल्ड कप से पहले एशिया कप के फाइनल में श्रीलंकाई टीम भारत के खिलाफ 50 रनों पर ऑलआउट हो गई थी। अब टी20 वर्ल्ड कप में भी टीम फेल रही।

# डरना मना है, पहली बार फाइनल में पहुंचने के बाद टीम से बोले दक्षिण अफ्रीकी कप्तान एडेन माक्ररम

**तारोबा (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका को पहली बार टी20 विश्व कप फाइनल में ले जाने वाले कप्तान एडेन मार्क्रम ने खिलाड़ियों से शांतचित्त रहने और खिताबी मुकाबले से नहीं डरने का आग्रह किया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराया। अब फाइनल में उसका सामना इंग्लैंड या भारत से होगा।



मैच के बाद मार्क्रम ने कहा, 'यह हमारे लिए अगला कदम है। फाइनल हम पहली बार खेलने जा रहे हैं लेकिन डरने की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह जीत हमारे लिए काफी मायने रखती है। हमारे पास कई विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं लेकिन इस तरह के प्रदर्शन के लिए पूरी टीम को एक ईकाई के रूप में खेलना होता है।

अफगानिस्तान को 56 रन पर समेटने वाले अपने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, 'हमने शानदार गेंदबाजी की। सही जगहों पर गेंद डाली। गेंदबाजों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। मार्क्रम ने कहा, 'इन हालात में बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण था। किस्मत ने हमारा साथ दिया कि हम साझेदारी निभा सके। कुछ मुकाबले करीबी रहे और दक्षिण अफ्रीका में भोर में उठकर मैच देखने वालों की सांसें थम गई होगी लेकिन शुक्र है कि आज ऐसा नहीं हुआ।

प्लेयर आफ द मैच मार्को जेनसन ने कहा कि उनका फोकस सही जगहों पर गेंद डालने पर था। उन्होंने कहा, 'शानदार लग रहा है। हमने अच्छा खेला और रणनीति पर बखूबी अमल किया। हम सही जगहों पर गेंद डालने पर ही फोकस कर रहे थे।

## सेमीफाइनल में हार के बाद राशिद खान का बड़ा बयान

# 'हमारे लिए यह शुरूआत है'

**तारोबा (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान दक्षिण अफ्रीका के हाथों टी20 विश्व कप के एकतरफा सेमीफाइनल में मिली हार से दुखी हैं लेकिन उन्होंने कहा कि यह उनकी टीम के लिए शुरूआत है और इस टूर्नामेंट से उन्हें किसी भी टीम को हराने का आत्मविश्वास मिला है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले सेमीफाइनल में अपने न्यूनतम स्कोर 56 रन पर आउट होने के बाद अफगानिस्तान को पराजय झेलनी पड़ी।

राशिद ने मैच के बाद कहा, 'एक टीम के रूप में हमारे लिए यह कठिन था। हमने बेहतर प्रदर्शन किया होता लेकिन हालात ने हमारा साथ नहीं दिया। टी20 क्रिकेट यही है जिसमें आपको हर परिस्थिति के अनुरूप ढलना होता है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए यह शुरूआत भर है। हमारे भीतर किसी भी टीम को हराने का आत्मविश्वास आ रहा है। हमे प्रक्रिया पर ध्यान देना है। हमने यहां से बहुत कुछ सीखा है।

राशिद ने कहा, 'इस टूर्नामेंट से हम आत्मविश्वास लेकर जा रहे हैं। हमें पता है कि हमारे पास कौशल है लेकिन यहां हमने कठिन और दबाव भरे हालात में खेलना सीखा। एक टीम के रूप में किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है, यह पूछने पर राशिद ने कहा, 'कुछ सुधार तो करना होगा। खासकर मध्यक्रम की बल्लेबाजी में। अभी तक नतीजे अच्छे रहे हैं लेकिन हमें बल्लेबाजी में और मेहनत करनी होगी।



उन्होंने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी की। हमें अपने गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर टूर्नामेंट में अब तक कामयाबी मिली। अच्छी शुरूआत की जरूरत होती है। इस बेहतरीन स्पिनर ने कहा, 'हम बदकिस्मत रहे कि मुजीब को चोट लग गई लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों और मोहम्मद नबी ने भी नई गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया जिससे स्पिनरों का काम आसान हो गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में भाजपा नेता की हत्या के मामले में एनआईए की एंट्री

**रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में बीते दिनों हुई भाजपा नेता की हत्या के माले में अब एनआईए की टीम ने जांच शुरू कर दी है। टीम के द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में छापा मारते हुए कई लोगों से पूछताछ कर रही है। बतादें कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के संदिग्ध सदस्यों द्वारा भारतीय जनता पार्टी नेता रतन दुबे की हत्या के मामले की जांच के सिलसिले में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एक दर्जन स्थानों पर छापेमारी की है।

भाजपा नेता रतन दुबे की चार नवंबर को 2023 के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के कौशलनार साप्ताहिक बाजार में कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई थी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की अब तक की जांच के अनुसार प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) से जुड़े हथियारबंद हमलावरों ने भाजपा नेता की हत्या की थी।

### भारत में सिकल सेल रोग की देखभाल को तत्काल प्राथमिकता देने की आवश्यकता है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीस वर्षीय सुचिता पाटिल का कहना है कि उनका असल जीवन एक सफ्ल अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के बाद शुरू हुआ था। वह भारत में सिकल सेल रोग देखभाल को तत्काल प्राथमिकता देने की आवश्यकता को उजागर करने के लिए एक आकर्षक व्यक्तिगत कहानी साझा करती है एक नाजुक बच्ची के रूप में जन्मी, अक्सर निमोनिया और पीलिया से जूझती सुचिता को पांच साल की उम्र में सिकल सेल एनीमिया का पता चला था। यदि माता-पिता दोनों सिकल सेल लक्षण के वाहक हैं तो किसी को सिकल सेल एनीमिया हो सकता है, जो एक आनुवंशिक बीमारी है। यह एक कष्टकारी रोग है।ये मरीज़ जीवन के विभिन्न पहलुओं से संघर्ष करते हैं-स्कूल और दोस्ती से लेकर पारिवारिक और सामाजिक गतिविधियों तक। दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट और सेल्युलर थेरेपी विभाग के निदेशक डॉ. गौरव खरया से मुलाकात सुचिता और उनके परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ थी। डॉ. खार्या ने बेहतर जीवन की एकमात्र आशा प्रदान करते हुए अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की सलाह की। उपचार की यात्रा कठिन थी, जिसमें प्रारंभिक इंजेक्शन, कीमोथेरेपी चक्र, बालों का झड़ना और लगातार मतली शामिल थी, लेकिन पीड़ा के संभावित अंत ने सांत्वना प्रदान की डॉ खार्या के साथ अपने पहले परामर्श के लगभग 6 महीने बाद, सुचिता का सफ्ल प्रत्यारोपण हुआ। सुचिता की बोन मेरो दाता, भारत में दात्री स्टेम सेल रजिस्ट्री के माध्यम से पाई गई 20 वर्ष की एक दयालु महिला, रिश्तेदार न होने के बावजूद एकदम मेल खाती थी। प्रत्यारोपण के बाद, कोविड-19 महामारी ने अतिरिक्त चुनौतियाँ पेश कीं।

### मेघालय में भीड़ ने युवती से की हैवानियत, लाठियों से बुरी तरह पीटा

**शिलांग, एजेंसी।** मेघालय में एक महिला के साथ हैवानियत की घटना सामने आई है। विवाहेतर संबंध का आरोप लगाकर भीड़ में मौजूद लोग महिला को बुरी तरह पीट रहे हैं। महिला को लाठियों से पीटा जा रहा है। वहीं, महिलाओं और पुरुषों का समूह मूकदर्शक बना हुआ है। पुलिस ने इस मामले में ऐक्शन लेते हुए पांच को गिरफ्तार किया है।

यह सनसनीखेज घटना मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स के दादेंगग्रे की बताई जा रही है। वायरल हो रहे वीडियो में महिला को सार्वजनिक तौर पर भीड़ के बीच लाठियों से पीटा रहा है। वीडियो में कई पुरुष और महिलाओं को मूकदर्शक बने देखा जा सकता है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए मुख्य आरोपी का कहना है कि महिला का शादीशुदा होने के बावजूद किसी गैर मर्द से अफेयर है। महिला के विवाहेत्तर संबंध होने के बाद उसे पीटा गया।

उधर, महिला सशक्तिकरण पर मेघालय विधानसभा समिति की अध्यक्ष सुतंगा सैपुंग विधायक सांता मैरी शायला ने घटना पर संज्ञान लिया है। उन्होंने मामले में पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि वह मेघालय के सभी 12 जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भी महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति सतर्क रहने के लिए कहेंगी।

# गर्मी को जाओ भूल, दिल्ली में मौसम हुआ कूल-कूल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से बारिश का दौर जारी है। बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत दिलाई है। गुरुवार सुबह भी यह सिलसिला जारी है। दिल्ली-नोएडा सहित एनसीआर के कई इलाकों में तेज बारिश हुई।

जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी में बारिश हो रही है। विभाग ने बारिश का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस पूरे हफ्ते मौसम सुहाना बना रहेगा। वहीं 29 या 30 जून तक मॉनसून के दस्तक देने की संभावना है।

**कई जगह जलभराव:** दिल्ली में गुरवार को सुबह कई इलाकों में बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस दौरान कई जगहों पर सड़कों पर सुबह हुई बारिश के बाद जलभराव हो गया। जिसके कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। आरएमएल अस्पताल में भी बारिश के बाद कई जगहों पर पानी भर गया। यहां जल निकासी के इंतजाम नहीं हैं।

**बुधवार को कई स्थानों पर हल्की बारिश :** दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में बुधवार सुबह से हल्के बादल छाए रहे। बीच-बीच में तेज धूप भी निकली, जिससे गर्मी में खासा इजाफा हुआ। मौसम में नमी के चलते लोगों को उमस भरी गर्मी का अहसास हुआ। हालांकि, राजधानी के ज्यादातर इलाकों में हल्की बारिश से थोड़ी राहत मिली।

### हल्की बूंदाबांदी के बाद प्रदूषण से राहत मिली

हल्की बारिश और तेज हवा के चलते दिल्ली के लोगों को प्रदूषण से भी राहत मिली है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, बुधवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 136 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो-तीन दिन में इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि कई दिन से दिल्ली में प्रदूषण का स्तर ज्यादा था, जिससे लोग परेशान थे।

### कब दस्तक देगा मॉनसून

दिल्ली में शुक्रवार के बाद दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दस्तक देने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि राजधानी के अलग-अलग इलाकों में शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। रविवार को मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लंबे समय तक झुलसाने वाली गर्मी का सामना करने वाली दिल्ली को पिछले चार-पांच दिन से मॉनसून से पहले होने वाली बूंदाबांदी ने खासी राहत दी है। अब तेज मॉनसूनी बारिश होने की संभावना भी दिखने लगी है।



## प्रेम संबंध के आरोप में विवाहित महिला को पीटा, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेघालय में एक विवाहित महिला पर प्रेम संबंध रखने का आरोप लगाया गया। जिसके बाद इलाके के कुछ लोगों ने उसे लाठियों से पीटा। पश्चिमी गारो हिल्स के दादेंग्रे में हुई इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें महिला को सार्वजनिक रूप से बेरहमी से पीटा जा रहा है।

**पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार**

वीडियो में कई पुरुष और महिलाएं मूकदर्शक बने हुए दिखाई दे रहे हैं।

पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने आरोप लगाया है कि महिला का किसी और के साथ भी संबंध हैं।

इस बीच, सुतंगा सैपुंग की विधायक और मेघालय विधानसभा की महिला सशक्तिकरण समिति की अध्यक्ष सांता मैरी शायला ने घटना पर संज्ञान लिया और पुलिस से रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि वह मेघालय के सभी 12 जिलों के पुलिस अधीक्षकों को महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति सतर्क रहने को कहेंगी।

**जहरीली शराब का मामला: पीड़ितों के परिवार को दी जाए नौकरी**

## एनसीएससी अध्यक्ष ने पुलिस महानिदेशक को जारी किया नोटिस

**कल्लाकुरिची।** तमिलनाडु में कल्लाकुरिची जहरीली शराब का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में अब तक 63 लोगों को मौत हो चुकी है और 88 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अब एससी आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। किशोर मकवाना ने राज्य में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए तमिलनाडु सरकार की आलोचना की। किशोर मकवाना ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन लोगों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की जिनका इलाज चल रहा है। पीड़ितों से मुलाकात के बाद किशोर मकवाना ने कहा, मैं जहरीली शराब त्रासदी में मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं और इलाज करा रहे लोगों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। हमने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की।

### मृतक के परिवारों को दी जाए नौकरी

इसके अलावा, उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए नौकरी, घर और शिक्षा भत्ते की मांग करते हुए कहा, सभी मृतक बहुत गरीब थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवारों को नौकरी, घर और उनके बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता दिया जाना चाहिए। आयोग यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग करता है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। अवैध शराब के कारण पिछले साल हुई मौतों के आंकड़ों का हवाला देते हुए मकवाना ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए सरकार की आलोचना की और कहा, क्षेत्र में अवैध शराब का निर्माण और बिक्री लंबे समय से चल रही थी।

## 21 की उम्र में भारत आए थे गौरीशंकर, 75 के होने पर भी नहीं मिली पहचान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हम जब किसी घर में सालों तक रह ले तो अपनेपन का भाव आ ही जाता है। उस घर से इतना लगाव हो जाता है कि रेंट देने के बावजूद वह अपना सा लगता है उसकी साज-सज्जा भी हम अपने घर की तरह ही करते हैं। पर यह सबको नसीब नहीं होता कि जिस घर में वो सालों से रहें वो उसको अपना मान भी पाए। ऐसा ही कुछ हुआ 50 साल पहले पाकिस्तान से भारत आए गौरी शंकर मल्लिक के साथ। पूर्वी पाकिस्तान से भारत आने वाले गौरी शंकर मल्लिक 21 साल के थे जब वे सांप्रदायिक दंगों से बचने के लिए भारत आ गए थे। वह भारत तब आए जब बांग्लादेश बनने का बस एक ही साल हुआ था। पिछले 50 सालों से सरकारी स्कूल में शिक्षक के तौर पर काम कर रहे और गोंदिया में सरकार द्वारा दी गई ज़मीन पर रह रहे मल्लिक



के पास यह मानने का कोई कारण नहीं था कि वे भारतीय नागरिक नहीं हैं। साल 2019 में, जब उन्होंने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया तो उन्हें झटका लगा और उनसे कहा गया कि उन्हें पहले भारतीय नागरिकता हासिल करनी होगी तभी उनका पासपोर्ट बन पाएगा।

वे कहते हैं कि यह नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) 2019 पारित होने से कुछ महीने पहले की बात है। पहले असफल प्रयास के बाद, अब 75 वर्षीय मलिक को अंततः सीएए के तहत कानूनी रूप से भारतीय नागरिक बनने की उम्मीद है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के विदर्भ से 100 से अधिक हिंदू सीएए के तहत राष्ट्रीयता की मांग कर रहे हैं। मलिक की पहचान अब भारत की नागरिकता मांगने वाले एक अनोखे शख्स के रूप में हो रही है। मल्लिक इन दिनों महाराष्ट्र के चंद्रपुर में रहते हैं। उन्होंने अपना ज़्यादातर जीवन गोंदिया में बिताया है, जहां उन्हें सरकार द्वारा अन्य प्रवासियों की तरह ज़मीन देने की पेशकश की गई थी। उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान से आए प्रवासियों के लिए बंगाली माध्यम के जिला परिषद स्कूल में शिक्षक की नौकरी की। साल 2019 में, मलिक ने अपने जन्म स्थान (बांग्लादेश के खुलना जिले के बयारबंगा गांव) जाने की योजना बनाई और भारतीय पासपोर्ट के लिए आवेदन किया।

## अमेरिका ने भारत पर उठाई उंगली, धर्मांतरण विरोधी कानून व हेट स्पीच में वृद्धि पर जताई चिंता

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका की भारत से दोस्ती कई बार समझ से परे नजर आती है। एक तरफ अमेरिका भारत के साथ हर बड़े क्षेत्र में रिश्ते मजबूत करने की बात करता है और दूसरी तरफ भारत पर उंगली उठाने और देश के घरेलू मामलों में दखल देने से गुरेज नहीं करता है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भारत पर निशाना साधते हुए कहा कि में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों व प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में ''चिंताजनक वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट जारी करने के मौके पर ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि दुनियाभर में लोग धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे हैं।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने 2023 में भारत के अपने समकक्षों के साथ धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दों के बारे में लगातार चिंताएं व्यक्त कीं। विदेश मंत्री ने कहा,




''भारत में हमने धर्मांतरण रोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषण, धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के मकानों व प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी है। इसके साथ ही दुनियाभर के लोग धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे हैं। भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 28 में से 10 राज्यों में सभी धर्मों के धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून हैं। इनमें से कुछ राज्य विवाह के उद्देश्य से जबरन धर्मांतरण के खिलाफ दंड भी लगाते हैं।

भारत ने पहले भी मानवाधिकारों पर अमेरिकी विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा है कि यह ''गलत सूचना और त्रुटिपूर्ण समझ पर आधारित है। विदेश मंत्रालय ने पिछले साल कहा था, ''कुछ अमेरिकी अधिकारियों की पक्षपातपूर्ण टिप्पणी इन रिपोर्टों की विश्वसनीयता को और कम करने का काम करती है। इस वर्ष की रिपोर्ट में अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि ईसाइयों और मुस्लिमों को जबरन धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया। धार्मिक समूहों का कहना है कि कुछ मामलों में धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों को झूठे तथा मनगढ़ंत आरोपों में प्रताड़ित किया गया तथा जेल में डाला गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय स्तर पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के आह्वान पर विदेश विभाग ने कहा कि मुस्लिम, सिख, ईसाई और आदिवासी नेताओं तथा कुछ राज्य सरकारों के अधिकारियों ने इस आधार पर इसका विरोध किया है कि यह देश को ''हिंदू राष्ट्र में बदलने की योजना का हिस्सा है।

## रूस में भीषण हादसा, ट्रेन के नौ डिब्बे पटरी से उतरे; 70 से अधिक लोग घायल

**मास्को, एजेंसी।** रूस में यात्री ट्रेन के नौ डिब्बे बेपटरी होने से हुए हादसे में 70 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। रूस की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सात लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल, किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। यात्री ट्रेन उत्तर पूर्वी कोमी में वोरकुटा से नोवोरोस्सिएस्क के ब्लैक सी बंदरगाह जा रही थी। दोनों जगहों के बीच की दूरी पांच हजार किलोमीटर है। जो रेल हादसे का शिकार हुई है उसका नाम ट्रेन 511 है। डिब्बों के पटरी से उतरने का कारण हाल ही में हुई भारी बारिश हो सकती है। खबरों के मुताबिक रेलवे ऑपरेटर ने बताया कि ट्रेन 511 में कुल 14 डिब्बे थे, जिसमें 232 यात्री सवार थे।

**प्रभावित रूट पर यातायात निलंबित:** रेलवे अधिकारियों के मुताबिक हादसा स्थानीय समयानुसार शाम करीब 6.12 बजे इंटा शहर के पास हुआ। टेलीग्राम पर जारी बयान के मुताबिक आपातकालीन सेवाओं से जुड़े अधिकारियों और राहत-बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया है। हताहत यात्रियों की सहायता के लिए उपाय किए जा रहे हैं। सेक्शन पर यातायात को निलंबित कर दिया गया है। पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। भौगोलिक रूप से उत्तर-पूर्वी कोमी आर्कटिक सर्कल के ऊपर है।

## महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा मरम्मत के बाद करतारपुर साहिब में फिर स्थापित

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** सिख साम्राज्य के पहले शासक महाराज रणजीत सिंह की प्रतिमा को मुरम्मत के बाद करीब 450 भारतीय सिख श्रद्धालुओं की उपस्थिति में बुधवार को करतारपुर साहिब में फिर से स्थापित किया गया। इस प्रतिमा को पहले लाहौर स्थित किले में महाराजा रणजीत सिंह की समाधि के पास स्थापित किया गया था जिसे धार्मिक कट्टरपंथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। पाकिस्तान और भारत के सिख समुदाय के सदस्यों ने महाराजा की स्थापित प्रतिमा के सामने तस्वीर खिंचवाई।

पंजाब सूबे के पहले सिख मंत्री (अल्पसंख्यकों के लिए) और पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह अरोड़ा ने प्रतिमा का अनावरण किया। करतारपुर साहिब को गुरुद्वारा दरबार साहिब के नाम से भी जाना जाता है और यह लाहौर से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर पूर्व में भारतीय सीमा के नजदीक स्थित है। अरोड़ा ने कहा, ''हमने आज स्थानीय और भारतीय सिखों की उपस्थिति में गुरुद्वारा दरबार साहिब, करतारपुर साहिब में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा स्थापित की है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के 44 वर्षीय नेता ने कहा कि पुनर्स्थापित प्रतिमा को मुख्य रूप से करतारपुर साहिब में इसलिए स्थापित किया गया ताकि गलियारे का उपयोग करके सीमा पार यहां आने वाले भारतीय सिख भी इसे देख सकें।

अरोड़ा ने कहा, करतारपुर में सिख नेता की प्रतिमा की भी बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी, जिसे पहले लाहौर किले में क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। महाराजा रणजीत सिंह की नौ फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा को सबसे पहले लाहौर के किले में उनकी समाधि के नजदीक 2019 में स्थापित किया गया था, लेकिन इसे दो बार दक्षिणपंथी इस्लामिक राजनीतिक पार्टी तहरीक ए लबैक पाकिस्तान के कार्यकर्ताओं ने क्षतिग्रस्त कर दिया था।

**ये हैं दुनिया की सबसे बुजुर्ग बहनें**

## उम्र 571 साल... आंखों देखी हैं विश्व युद्ध से लेकर कोविड तक की घटनाएं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिसौरी की 6 बहनों को दुनिया के सबसे बुजुर्ग जीवित भाई-बहनों के विश्व रिकॉर्ड से नवाजा गया है। इन सभी बहनों की उम्र 88 साल से 101 साल के बीच है। कुल मिलाकर इन 6 बहनों की संयुक्त आयु 571 साल से अधिक बताई जा रही है। इन्होंने जीवन में बहुत बड़ी घटनाएं देखी हैं और उन्हें झेला भी है, जिसमें दूसरा विश्व युद्ध और कोविड महामारी भी शामिल है।

दरअसल, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने हाल ही में अमेरिका की 6 बहनों को खिताब से नवाजा है। ये 6 बहनें अमेरिका के मिसूरी की रहने वाली हैं। इन 6 जीवित बहनों की संयुक्त उम्र दुनिया में सबसे अधिक है और यही इनका वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। सबसे बड़ी बहन नॉर्मा ओहियो में रहती है, जबकि बाकी 5 बहनें,




लॉरेन, मैक्सिन, डॉरिस, मार्गरेट और एलमा अभी भी मिसूरी में रहती हैं। पिछले 9 दशकों में इन बहनों ने ग्रेट डिप्रेशन देखा, दूसरा विश्व युद्ध देखा और कोविड महामारी को भी झेला है। बहनों में से एक एलमा ने कहा कि छोटे-मोटे झगड़ों को छोड़ दिया जाए, तो इन बहनों के बीच कभी भी मनमुटाव नहीं रहा। ये अपनी जिंदगीभर एक दूसरे के काफी नजदीक रही हैं। इन्होंने अक्सर साथ में यात्राएं की हैं, जिसमें ऐसी शर्ट्स पहनी हैं, जिसमें अंक लिखे रहते थे जो उनकी उम्र का संकेत करते थे।

**इन बहनों के भाई की एक्सीडेंट में हुई मौत:** जब वो छोटी थीं, तो उनकी मां जुलाई में उन्हें पिकनिक पर ले जाती थीं क्योंकि उनमें से 3 बहनों का जन्म जुलाई में होता है। आज भी बहनों ने इस ट्रेडिशन को कायम रखा है और वो गर्मियों में मिलती हैं। इन 6 बहनों का सिर्फ 1 भाई है, जिनका नाम स्टैंली है। स्टैंली सबसे बड़े थे और अगर वो इस साल जीवित होते तो वो 102 साल के होते मगर जब वो 81 साल के थे, तब साइकिल चलाते वक्त उनका एक्सिडेंट हो गया, जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई। सभी बहनें अपने भाई को याद करती हैं और कहती हैं कि अगर उस दिन वह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना न हुई होती, तो स्टेनली आज उनके साथ मौजूद होते।

**अपनी उम्र को दर्शाने वाली टी-शर्ट पहनकर घूमने जाती हैं ये बहनें:** नोर्मा, जो कि सबसे बुजुर्ग बहन हैं, वह अब ओहायो में रहती हैं। वहीं लोरेन, मैक्सिन, डोरिस, मार्गरेट और एल्मा नामक अन्य 5 बहनें अब भी मिसौरी में ही रहती हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। ) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129